# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 7 जुलाई 2025
संवत 2082, आषाढ़ शुक्ल 12 मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 303 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028


4 ▶▶ आरबीआई के पायलट प्रोजेक्ट से जुड़ी उम्मीदें

पीवीआर आइनॉक्स सीईओ कमल ज्ञानचंदानी ने कहा, बॉक्स ऑफिस के बाप हैं आमिर खान ◀◀ 6



# रांची में हो रही लगातार बारिश से गिरा कच्चा मकान, एक बच्चे की मौत, तीन घायल

संवाददाता

**रांची:** मानसून के आगमन के साथ ही राजधानी रांची में रिकार्ड तोड़ बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश कई बार जानलेवा भी हो जाता है। पिछले दो दिनों से हो रही बारिश और वज्रपात से जहां राज्य में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं दूसरी ओर रांची सोनाहातु प्रखंड स्थित तेलवाडीह गांव में भारी बारिश के कारण एक कच्चा मकान गिर गया।

मकान ढहने के कारण शिवा प्रमाणिक नाम के बच्चे की मलबे में दबने से मौत हो गई, वहीं परिवार के तीन अन्य सदस्य



घायल हो गए है। ग्रामीणों को कहना है कि अगर परिवार को अबुआ आवास मिला होता तो ये हादसा नहीं हुआ होता।

मृतक शिवा गांव के सुभाष प्रमाणिक का बेटा था और पास के सरकारी स्कूल में पढ़ाई करता था। हादसे के समय पूरा परिवार घर में ही सो रहा था। मृतक की मां ने बताया कि रात 1 बजे के करीब यह हादसा हुआ। तब परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। उस वक्त भारी बारिश हो रही थी। इसी बीच उनका मकान ढह गया। परिवार के सभी सदस्य मलबे में दब गये। शोर मचाने पर गांव के लोग पहुंचे और सभी को बाहर निकाला।

पीड़ित परिवार के पड़ोसी धीरज प्रमाणिक ने बताया कि गांव वालों ने मिलकर सभी को मलबे से बाहर निकाला। लेकिन 12 साल के शिवा की हालत गंभीर थी। उसे एंबुलेंस से सिंहपुर ले जाया गया लेकिन डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण धीरज प्रमाणिक ने बताया कि अगर सुभाष को अबुआ आवास की सुविधा मिल गई होती तो ऐसी नौबत नहीं आती। उन्होंने बताया कि आवास के लिए कई बार आवेदन दिया गया। हर बार कहा जाता था कि प्रोसेस में है। अब सवाल है कि इसकी जवाबदेही कौन लेगा। इस हादसे से गांव के लोग सहमे हुए हैं। खास कर वैसे ग्रामीण जिनके घर मिट्टी के हैं।

## बिहार वोटर वेरिफिकेशन केस पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, 10 जुलाई से होगी सुनवाई



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि बिहार की मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण करने के चुनाव आयोग के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को विचार करेगा। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के इस मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध स्वीकार करते हुए कहा कि अदालत गुरुवार इस मामले में विचार करेगी।

बिहार में नवंबर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उससे पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण करने के चुनाव आयोग के इस फैसले पर सवाल उठाये जा रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के अलावा स्वयंसेवी संस्थाएं पुनरीक्षण के लिए निर्धारित समय समेत अन्य व्यावहारिक दिक्कतों का हवाला देते हुए खुलकर विरोध कर रही हैं। उनका कहना है कि इससे बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा, गैर सरकारी संगठनों झ्र एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, पीयूसीएल और सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव समेत अन्य ने इस संबंध में चुनाव आयोग के 24 जून, 2025 के फैसले की वैधता को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि यह कदम संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21, 325 और 326 के साथ-साथ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 21ए के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि इस आदेश को रद्द नहीं किया गया तो मनमाने ढंग से और उचित प्रक्रिया के बिना लाखों मतदाताओं को अपने प्रतिनिधियों को चुनने से वंचित किया जा सकता है। इससे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और लोकतंत्र बाधित हो सकता है, जो संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा हैं।

## टाटा-रांची रोड पर बड़ा हादसा, सरसों तेल लदा ट्रक पलटा, ग्रामीणों में मची तेल लूटने की होड़



संवाददाता

**रांची:** राजधानी रांची के बुंडू थाना क्षेत्र के पहले कॉलेज मोड़ के पास रविवार रात सरसों तेल लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा टाटा-रांची रोड (एनएच 33) पर टोल प्लाजा से एक किमी पहले हुआ। जानकारी के अनुसार, ट्रक में हाथी ब्रांड सरसों तेल की पेटियां भरी हुई थीं। ट्रक पलटने से तेल के पैकेट सड़क पर गिर गये।

बताया जा रहा है कि ट्रक टाटा से रांची की ओर जा रहा था, तभी हादसा हुआ। इस दुर्घटना में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जतायी जा रही है। इधर, हादसे की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे। सभी लोग सड़क पर गिरे तेल के पैकेट लेकर भागने लगे। वहीं, मामले की सूचना मिलते ही बुंडू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया। सड़क हादसे को लेकर कयास लगाये जा रहे हैं कि बारिश के वजह से बने गड्ढों के कारण ट्रक पलट गया। लेकिन अब तक कुछ स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को कब्जे में लेकर सड़क से हटा दिया है। ताकि जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं हो।

# केदारनाथ यात्रा रोकी गई, भारी बारिश की वजह से लिया गया फैसला

### सोनप्रयाग और गौरीकुंड में फंसे यात्री

**सोनप्रयाग :** उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते केदारनाथ यात्रा रोक दी गई है। जानकारी के मुताबिक यात्री सोनप्रयाग और गौरीकुंड में रोके गए हैं। बता दें कि रुद्रप्रयाग और चमोली जिले के लिए मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग और आस-पास के इलाकों में भारी बारिश के कारण अलकनंदा नदी में जलस्तर बढ़ गया है। हालांकि, नदी अभी भी खतरे के निशान से नीचे बह रही है।

बद्रीनाथ जाने वाला रास्ता भी लैंडस्लाइड के बाद बंद हो गया है। वहीं गौरीकुंड में मलवा हटाने का काम जारी है, जिससे यात्रा को जल्द शुरू किया जा सके। दरअसल उत्तराखंड में इन दिनों भीषण बारिश हो रही है। इसकी वजह से भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। बीते दिनों सोनप्रयाग में भारी बारिश की वजह से भूस्खलन हुआ था, जिसमें केदारनाथ से लौट रहे 40 से अधिक श्रद्धालु फंस गए थे। हालांकि बाद में फंसे 40 श्रद्धालुओं को एसडीआरएफ ने




सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया था। उत्तराखंड में हो रही लगातार बारिश से कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति भी बाधित हुई है। बीते दिनों बरकोट के पास बादल भी फटा था।

केदारनाथ यात्रा हिंदू धर्म की एक महत्वपूर्ण तीर्थयात्रा है, जो भारत के उत्तराखंड राज्य में स्थित केदारनाथ मंदिर तक की जाती है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और चार धाम यात्रा (यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, और बद्रीनाथ) का हिस्सा है। केदारनाथ मंदिर हिमालय की गोद में 3,583 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और इसे 12 ज्योतिलिंगों में से एक माना जाता है।



## मुर्हरम जुलूस के दौरान हजारीबाग में बड़ा हादसा, 15 लोग झुलसे, 6 गंभीर

**हजारीबागः** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तुरांव-पौता गांव में मुहर्रम जुलूस के दौरान बड़ा हादसा हो गया। परंपरागत हथियार प्रदर्शन के दौरान आग लग गई और उसने तुरंत में ही विकराल रूप ले लिया। इस हादसे में 15 लोग झुलस गए, जिसमें 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। गिरिडीह में मुहर्रम जुलूस के दौरान ताजिया रखते ही हो गया बड़ा हादसा, 1 की मौत, 3 घायल जानकारी के अनुसार, जुलूस के दौरान आग्नेय प्रदर्शन किया जा रहा था। इसी क्रम में आग में डीजल डालते ही अचानक आग भड़क गई और स्थिति अनियंत्रित हो गई। इस हादसे में महिलाएं और बच्चे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ गंभीर रूप से झुलसे लोगों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद मुफ्फसिल थाना भी घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भी पहुंची। जहां प्रशासन ने घटना कैसे घटी, इसकी विस्तृत जानकारी ली है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिला प्रशासन ने आदेश निर्गत किया था कि आग के साथ कोई भी अखाड़ा करतब नहीं दिखाएगा। इसके बावजूद अखाड़ा के सदस्यों ने आग का कला प्रदर्शन किया गया। इसे लेकर भी जांच की बात कही जा रही है। प्रशासन ने सभी घायलों का इलाज सुनिश्चित करने के लिए अस्पताल प्रबंधन से भी बात की है।

### चुनाव आयोग के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने खोला मोर्चा

## विरोध में करेंगे चक्का जाम : तेजस्वी यादव



**पटना :** इंडिया गठबंधन के नेताओं ने एकजुट होकर चुनाव आयोग के मतदाता पुनरीक्षण कार्य का विरोध किया गया है। सोमवार दोपहर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने राजद कार्यालय में प्रेस कॉफ्रेंस किया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग नौ अप्रैल को पूरे बिहार में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। बिहार के हर जिले में चक्का जाम किया जाएगा। लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था का दुरुपयोग किया जा रहा है। बिहार के गरीबों, वंचितों, दलितों के मतदान के अधिकार से वंचित करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि गरीब मतदाताओं के साथ अन्याय हो रहा है। इसके विरोध में हमलोग पूरे बिहार में चक्का जाम करेंगे। इसमें राहुल गांधी भी शामिल होंगे। हमलोग पूरी मजबूती के साथ इस काम को पूरा करेंगे।

**इसका संवैधानिक एवं कानूनी आधार क्या है? :** तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोगों ने पहले भी यह सवाल पूछा था कि आज फिर से पूछ रहे हैं कि क्या बिहार विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़वाने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग को केवल 11 दस्तावेज मांगने का ही अधिकार है? इसका संवैधानिक एवं कानूनी आधार क्या है? क्या भारतीय निर्वाचन आयोग को यह अधिकार है कि वह केवल उन्हीं 11 दस्तावेजों को मान्य माने और किसी अन्य दस्तावेज को खारिज कर दे? तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव आयोग पूरी तरह कंफ्यूज हैं। अलग-अलग बात कह रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार के राज में लोग दहशत में जीने को विवश हैं। काम में लगाए गए शिक्षक परेशान हो चुके हैं: तेजस्वी यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने बताया कि प्रत्येक बीएलओ के साथ चार स्वयंसेवक लगाए गए हैं। हमने पूछा कि ये वॉलियंटर्स कौन हैं और इनके चयन का मानदंड क्या है? क्या वो सरकारी कर्मचारी है अथवा अन्य लोग हमने माँग रखी कि चुनाव आयोग बीएलओ की तरह इन वॉलंटियस की भी सूची प्रकाशित करें ताकि सभी लोग उनका सत्यापन कर सकें।

## पंजाब में दर्दनाक हादसा : सड़क के बीच पलटी अनियंत्रित बस, 7 यात्रियों की मौत,24 घायल



**दसूहा :** पंजाब के होशियापुर के दसूहा में आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। हादसा दसूहा के हाजीपुर रोड नजदीक सगरा अड्डा के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई और इस हादसे में अभी तक 7 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि बताया जा रहा है कि 24 के करीब लोग घायल हो गए हैं। घायलों को दसूहा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, अनियंत्रित बस के सड़क पर पलटने के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी और बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में अभी तक 7 यात्रियों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। निजी कंपनी करतार बस की यह मिनी बस तलवाड़ा दसूहा रोड पर जा रही थी। मौके पर पुलिस पहुंच गई है और मामले की जांच कर रही है।

### 26/11 हमले पर तहव्वुर राणा का सबसे बड़ा कबूलनामा, बोला-

# मैं पाकिस्तानी सेना का एजेंट था, मुंबई में की थी रेकी

**नई दिल्ली :** मुंबई में हुए 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की पूछताछ में सनसनीखेज खुलासे किए हैं, जिनसे पाकिस्तान की पोल एक बार फिर खुल गई है। सूत्रों के हवाले से आई एक रिपोर्ट के अनुसार, राणा ने पहली बार कबूल किया है कि वह पाकिस्तानी सेना का एक भरोसेमंद एजेंट था और मुंबई हमले की साजिश में सीधे तौर पर शामिल था।

हालांकि, इन खुलासों को लेकर ठकअ की तरफ से अभी



तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। राणा को हाल ही में एक लंबी कानूनी लड़ाई के बाद अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया था।

एक रिपोर्ट के अनुसार, एनआईए की पूछताछ में राणा ने कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं। उसने कबूल किया है कि वह पाकिस्तानी सेना का एजेंट था और उसे खलीज युद्ध के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा सऊदी अरब भेजा गया था। राणा ने यह भी स्वीकार किया कि उसने अपने दोस्त डेविड कोलमैन हेडली, जो कि 26/11 के हमलों का मुख्य साजिशकर्ता था, के साथ पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के कई प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया था। सबसे सनसनीखेज कबूलनामा यह है कि राणा ने माना कि वह हमलों के समय मुंबई में ही मौजूद था और उसने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) जैसे स्थानों की रेकी भी की थी।

**कौन है तहव्वुर राणा? :** 64 वर्षीय तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है और 26/11 हमले के मुख्य षड्यंत्रकारी डेविड हेडली का करीबी सहयोगी है। उस पर हेडली और आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और हरकत-उल-जिहादी इस्लामी (हूजी) के साथ मिलकर मुंबई हमले की साजिश रचने का आरोप है। अमेरिका की शीर्ष अदालत द्वारा 4 अप्रैल को उसकी याचिका खारिज किए जाने के बाद उसे भारत लाया गया था और फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है।

आपको बता दें कि 26 नवंबर, 2008 को पाकिस्तान से समुद्री रास्ते से आए 10 आतंकवादियों ने मुंबई पर हमला कर दिया था। लगभग 60 घंटे तक चली इस आतंकी कार्रवाई में 166 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। राणा के इन कबूलनामों से इस मामले में पाकिस्तानी सेना की संलिप्तता के और भी पुख्ता सबूत मिलने की उम्मीद है।

न्यूज IN ब्रीफ

## हुसैन साहेब की याद में निकाला गया मुर्हरम का मातमी जुलूस

**खलारी:** हजरत इमाम हुसैन साहेब और उनके समर्थकों की याद में खलारी में रविवार को मुर्हरम का मातमी जुलूस निकाला गया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न अखांड़ के लोग खलारी बैंक चौक पर एकत्र हुए और सेन्ट्रल मुर्हरम कमेटी द्वारा आयोजित शस्त्र व लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का उदघाटन खलारी थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक जयदीप टोपो व पीएचसी खलारी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ इरशाद ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत बैच लगाकर सम्मानित किया।

अखाड़ों के खलीफाओं ने अपनी-अपनी टीमों के साथ बारी-बारी से तलवार और लाठी के खेल का प्रदर्शन किया। खेल संचालक के नारे और शायरी, ताशा और लाउडस्पीकर की धुनों ने खिलाड़ियों में जोश भर दिया। अतिथियों ने खिलाड़ियों की कला और खेल की प्रशंसा की।वहीं

प्रतियोगिता मैं जेहलीटांड़ से एकमात्र ताजिया लोगों हुटाप मोड़, छापर टोला,भूतनगर, मस्जिद मोहल्ला, जेहलीटांड, जी टाइप और खलारी बाजारटांड़ की टीमों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी टीमों को कमेटी की ओर से छोटा-बड़ा डेग देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन कमेटी के सचिव इम्तियाज अंसारी और खेल का परवेज आलम ने किया। इस अवसर पर

सेन्ट्रल मुर्हरम कमेटी के संरक्षकअब्दुल्ला अंसारी, अध्यक्ष साबिरअंसारी, उपाध्यक्ष सलामत अंसारी,महासचिव राजा खान, सुल्तान अंसारी,इसराइल अंसारी, बशीर अंसारी, असलमअली, इस्माइल अंसारी, तजमुल अंसारी,बाबू खान, इकबाल खान, खालिदअंसारी, जावेद अंसारी, शहनवाज, नसीम अंसारी, आशिक अंसारी, परवेज,जफरुद्दीन अंसारी, जाहिद अंसारी,महफूज अंसारी, सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल थे।

## मुहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, प्रशासन रहा चुस्त- दुरुस्त

उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने किया जुलूस मार्गों का निरीक्षण

चतराः जिले में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध रहा। इसी क्रम में रविवार को उपायुक्त कीर्तिश्री एवं पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से चतरा शहर सहित विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों, जुलूस मार्गों तथा संवेदनशील स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न स्थलों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं बल से मिलकर सुरक्षा व्यवस्था की अद्यतन जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने जुलूस मार्ग में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, ट्रैफिक नियंत्रण, बैरिकेडिंग, मेडिकल सुविधा, पानी की उपलब्धता आदि का भी जायजा लिया।

जिला नियंत्रण कक्ष को 247 सक्रिय रखने का निर्देशः इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि मुहर्रम हमारी साझी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। जिले में पर्व को सौहार्द एवं परस्पर सम्मान के साथ मनाने की परंपरा रही है, जिसे हम सब मिलकर आगे भी बनाए रखेंगे। वहीं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सभी पदाधिकारी अलर्ट मोड में रहें। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी।निगरानी एवं शिकायत हेतु जिला नियंत्रण कक्ष का हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया था। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों, विशेषकर मुस्लिम समुदाय के बुजुर्गों, इमामों, अखाड़ा समिति सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों को शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार सम्पन्न करने को लेकर बधाई दी। निरीक्षण दल में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा,अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा, प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा,अंचल अधिकारी चतरा, थाना प्रभारी समेत जिले के अन्य पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वज्रपात से एक युवक की मौत, तीन गंभीर

**चतराः** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में रविवार की देर शाम वज्रपात की चपेट में आने से टंडवा निवासी जितेन्द्र पासवान (25 वर्ष) पिता महावीर पासवान की मौत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा लाने से पूर्व हो गई। घटना की पुष्टि करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुदीप कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से घायल टंडवा निवासी रोहित पासवान( 24 वर्ष )पिता राजू राही एवं सोनू पासवान( 25 वर्ष ) पिता ललित पासवान को तत्काल रेफर कर दिया गया। वहीं कोयद गांव के घायल गणेश साव( 17 वर्ष ) पिता सुखदेव साव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हीं उपचार कराया गया।

## हंटरगंज प्रखण्ड में शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातारण में मुहर्रम संपन्न

**हंटरगंज (चतरा):** हंटरगंज प्रखंड में मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रविवार को संपन्न हो गया।इस मौके पर डाहा, मुख्य बाजार, नावाडीह, ऊचला,पींडरी,बिहारी, गोखना,शाही,काशी केबाल, दंतार,डटमी,मायापुर,मीरपुर, भागेबार,आमीन के अलावा दर्जनों जगहो पर आकर्षक ताजिया बनाया गया। सभी जगहो पर भारत का नक्शा, मक्का मदीना,खाने काबा, सिंदूर ताजिया का रूप दिया गया था।अखाड़ा एवं ताजिया को ढोल बाजे के साथ जुलूस निकाला गया जिसमें मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा या अली या हुसैन के नारे लगाए गए। वही खिलाड़ियों के द्वारा लाठी, भाला, गड़ासा, तलवार,मरकरी लाइट से एक पर एक हैरतअंगेज करतब दिखाए गए।ताजिया देखने के लिए काफी दूरदराज से काफी संख्या में लोग पहुंचे थे।सभी ताजिया को थाना में लाया गया।जहां प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले ताजिया कमेटी को पुलिस प्रशासन के तरफ से पुरस्कृत किया गया। उसके बाद लोग कर्बला में पहुंचे और फातिहा पढी। देश की अमन चैन की दुआ मांगी गई। वही केदली एवं नावाडीह जुलूस में शामिल लोगों के लिए पानी,बिस्किट,शरबत का स्टॉल लगाया गया था। पूरे कर्बला को लाइट से सजाया गया था। वहीं चौक चौराहों पर सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन एवं पुलिस पेट्रोलिंग करते नजर आए। मुहर्रम जुलूस को शांतिपुण संपन्न कराने में लगे हुए थे।

## खपरैल मकान से गिरकर मजदूर की कमर टूटी, गंभीर रूप से घायल

**चतरा :** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के एधारा पंचायत अंतर्गत हुमरा गांव में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। मिट्टी वाले खपरैल घर पर खपड़ा लगाने के दौरान पैर फिसलने से एक मजदूर बुरी तरह घायल हो गया है। इस दर्दनाक हादसे में मजदूर की कमर की हड्डी टूट गई है, जिससे उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। वह इस वक़्त जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। घायल मजदूर की पहचान जुड़ी गांव निवासी टाई यादव ( 65 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि टाई यादव हुमरा गांव में एक खपरैल मकान पर छत डालने, यानी खपड़ा लगाने का काम कर रहा था।काम के दौरान, अचानक उसका पैर फिसल गया और वह संतुलन खो बैठा। देखते ही देखते, वह काफी ऊंचाई से सीधे जमीन पर आ गिरा।

# मानसून की भारी बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त, झारखंड के 12 जिलों के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की

संवददाता

**रांची :** झारखंड में पिछले काफी समय से भारी बारिश हो रही है। लगातार पानी बरसने के कारण कई इलाकों में जलभराव हो गया है। इसके कारण झारखंड में बाढ़ के हालत बन रहे हैं। झारखंड के निचले इलाकों में पानी भरता जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने झारखंड के कुछ हिस्सों में बहुत भारी बारिश के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। ईएमडी ने एक बुलेटिन में कहा कि गुमला, सिमडेगा, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है, जहां रविवार (6 जुलाई, 2025) को सुबह 8.30 बजे से सोमवार (7 जुलाई, 2025) को सुबह 8.30 बजे के बीच मूसलाधार बारिश होने की संभावना है।



झारखंड के 12 जिलों के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी कीः झारखंड के 12 जिलों में सोमवार को अचानक बाढ़ आने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बुलेटिन के अनुसार, जिन जिलों में बाढ़ का खतरा है, उनमें गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची, बोकारो, सरायकेला, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम शामिल हैं। रांची समेत झारखंड के कई इलाकों में रविवार से मध्यम से भारी बारिश जारी है।

चक्रवाती हवाओं और कम दबाव के क्षेत्र के कारण बारिश हो रही

रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि चक्रवाती हवाओं और कम दबाव के क्षेत्र के कारण बारिश हो रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार को झारखंड में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है और राज्य के पश्चिमी एवं दक्षिणी इलाकों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि झारखंड में एक जून से छह जुलाई के बीच 69 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि के दौरान राज्य में 246.2 मिमी सामान्य वर्षा के मुकाबले 417.2 मिमी वर्षा हुई। अधिकारी ने बताया कि लातेहार जिले में सबसे अधिक अतिरिक्त वर्षा (157 प्रतिशत) दर्ज की गई।

## बनाई नदी पर बने टूटे पुल की अब तक नहीं हुई मरम्मत, परेशानी

संवाददाता

**खूंटी :** खूंटी- सिमडेगा मार्ग पर पेलोल के पास बनाई नदी पर बने पुल को टूटे आज लगभग 20 दिन हो चुका है। इस बीते दिनों में बस इतना ही किया गया है कि इस मार्ग को ब्रैकेटिंग लगाकर बंद कर दिया गया है। पर आस पास के लोगों और स्कूली बच्चों के लिए इस नदी को पर करने का कोई वैकल्पिक मार्ग या डायवर्सन नहीं बनाया गया है। एक मार्ग है, तो वो भी इस एक किलोमीटर के इस सफर को आठ से दस किलोमीटर में बदल देता है। जिससे अच्छा स्कूली बच्चे और आम लोग अपनी और अपने बच्चों की जान जोखिम में डाल कर इस टूटे पुल को ही किसी तरह पर करना बेहतर समझते है। और अपने छोटे छोटे बच्चों को गोद में लेकर खुद से बनाए बांस के सीढ़ी से पुल और नदी पर कर रहे है। जिसकी सूचना मिलने पर प्रशासन की ओर से उस सीढ़ी को सुरक्षा की दृष्टि से हटा दिया गया। जब छोटे छोटे बच्चों के स्कूल जाने और मजदूरों के रोजी रोटी की बात आई तो, दूसरे मार्ग जो कि जुरदाग हो कर जाता है उसे उपयोग करने की बात कही गई। जो इस एक किलोमीटर के दूरी को कई गुना



बढ़ा देता है। और उस रास्ते पर जाने का जो अतिरिक्त किराया दिन में दो बार लगेगा वो भी हर किसी के लिए उठा पाना मुमकिन नहीं है। दिन में कमसे कम दो बार हर विद्यार्थियों को आना और जाना पड़ता है, अगर भारा जोर जाए तो, एक बार का अतिरिक्त किराया अगर दस रुपया भी हो तो इस हिसाब से दिन का बीस रुपया और महीने का लगभग छः सौ होता है जो अतिरिक्त किराया हर किसी के लिए उठा पाना मुमकिन नहीं है। जिस कारण लोग इससे अच्छा या तो बच्चों का पढ़ाई छुरा दे या अपनी और अपने बच्चों की जान जोखिम में डाल कर बांस के सीढ़ी के सहायता से पुल और नदी पर कर स्कूल और अपने काम पर जाए। अब जब प्रशासन द्वारा बांस के सीढ़ी को हटा दिया गया है तो लोग और भी जोखिम भरा रास्ता अपना रहे है, वे बच्चों को गोद में लेकर नदी में उतर कर तेज बहाव में नदी पार कर रहे है। और बच्चों को पढ़ने स्कूल भेज रहे है। जो और भी अधिक बड़े हादसे को निमंत्रण दे रहा है। ऐसा नहीं है कि इस पुल के टूटने की खबर सरकार को नहीं है। पर इसे उतनी संजीदगी से नहीं लिया जा रहा जितना लेना चाहिए। इस पूरे मामले में जन प्रतिनिधियों की उदासीनता को देखते हुए लोगो में काफी रोष है। अगर यही स्थिति रही और लोग अपने और अपने बच्चों की जान जोखिम में डाल कर नदी पर करते रहे तो किसी बड़े अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। तब जाकर कही सरकार और स्थानीय जन प्रतिनिधियों की नींद खुले।

## लापता मासूम का शव बरामद

संवाददाता

**चतरा :** हंटरगंज थाना क्षेत्र के सोहाद गांव से शनिवार शाम से लापता 10 वर्षीय मासूम का शव संदिग्ध अवस्था में एक छोटे गड्ढे (लगभग 2 फीट) में मिला है।शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार,पुलिस इंस्पेक्टर पप्पू कुमार शर्मा, बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप, सीओ अरुण कुमार मुंडा, दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर भेज दिया।ग्रामीणों ने बताया कि थाना क्षेत्र के पत्सुगिया डेम के समीप से कुछ शराबियों के द्वारा ब्लैक स्कॉर्पियो से शनिवार शाम बच्चे को अपहरण कर लिया गया था। इसके बाद लापता हुए बच्चे की तलाश में परिजन लगातार जुटे हुए थे। लेकिन नागर गांव के पास सोहाद पत्सुगिया चैकडेम के समीप रविवार को उसका शव बरामद किया गया। शव मिलने से सभी स्तब्ध हैं। मृतक बच्चे की पहचान थाना क्षेत्र के नागर गांव का निवासी सनूप भारती का 10 वर्षीय पुत्र अजय कुमार है। ग्रामीणों के अनुसार शराबियों के द्वारा अचानक गायब कर दिया गया था, जिसके बाद से परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे।लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था । रविवार सुबह, सोहाद गांव के समीप कुछ लोगों ने बच्चे का शव देखा और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद हंटरगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की स्थिति को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि मासूम की हत्या की गई है।

मासूम का शव मिलने से नागर गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।वहीं स्थानीय लोगों में घटना को लेकर भारी आक्रोश है और वे पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने और उन्हें कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सैकड़ों शराबी प्रतिदिन सीमावर्ती राज्य बिहार से यहां शराब पीने के लिए पहुंचते है। बगल में सरकारी शराब खरीदकर उसी मैदान में बैठकर और शराब पीकर हुडदंग मचाते हैं। हम सभी ग्रामीण महिलाएं डरे सहमे रहते है। हमलोगों को शौच के लिए भी काफी परेशानी होती है। परिजनों का आरोप है कि बिहार से आए काला स्कॉर्पियो से शराबियों ने घटना को अंजाम दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शराबियों के द्वारा ऐसा घटना का अंजाम दिया जाता है लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी हुई रहती है। यह खुला मैदान शराबियों का अड्डा बन चुका यदि समय रहते इसपर अंकुश नहीं लगाया तो शराबियों द्वारा और भी बड़ी घटना का अंजाम दिया जा सकता है।इस घटना ने एक बार फिर बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।पुलिस मामले की जांच कर रही है,लेकिन यह जरूरी है कि समाज भी बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक हो और उन्हें सुरक्षित माहौल प्रदान करने में अपना योगदान दे।पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है,जिससे मौत के कारणों का पता चल सके। पुलिस आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटा रही है।

यह खबर सिर्फ मासूम की जिंदगी की कहानी नहीं, बल्कि सिस्टम की उस चूक की कहानी है, जिससे मासूम की जिंदगी को लील दी है

सवाल ये की आखिर कब तक?क्या शराबियों पर लगाम लगेगा या फिर इसी तरह की घटना की पुनरावृत्ति होगी।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने आटो सवार दो लोग घायल, रेफर

**चतराः** हंटरगंज थाना क्षेत्र के चतरा-डोभी मुख्य पथ एनएच 22 पर शनिवार की देर शाम एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से टेंपो सवार दो लोग घायल हो गए। यह घटना कौलेश्वरी खेल परिसर मुख्य मार्ग के पास की है। ऑटो चालक गोसपूर गांव निवासी आशीष दास का 45 वर्षीय पुत्र आकाश दास एवं सोमवार यादव का पुत्र विनोद यादव बताया जाता है। घायल आकाश यादव प्रखंड क्षेत्र में पीएचडी विभाग में सरकारी चापानल मरम्मत का काम करता है।घटना घटित होने के बाद आसपास के लोगों ने हंटरगंज पुलिस की सूचना दिया। सूचना मिलते हैं पुलिस प्रशासन घटना स्थल पर पहुंचकर घायल ऑटो सवार दोनों व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के लिए हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया।

## रक्तदान के प्रति ऐसा उत्साह प्रशंसनीय है : दिनेश

**खलारीः** सिविल सोसाइटी खलारी के तत्वावधान में केंद्रीय अस्पताल डकरा में रविवार को 26 वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर का एन के एरिया के महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने फीता काटकर उद्घाटन किया

इस दौरान उन्होंने कहा कि रक्तदान के क्षेत्र में सिविल सोसायटी खलारी-डकरा के लोगअनुकरणीय कार्य कर रहे हैं। जिससे सीख लेने की जरूरत है। और उन्होंने कहा कि रक्तदान के प्रति ऐसा उत्साह प्रशंसनीय है और सभी रक्तदाता साधुवाद के पात्र हैं। रांची के सदर अस्पताल में इलाजरत थैलेसीमिया पीड़ित बचों के सहायतार्थ के लिए रक्तदान शिविर लगाया गया है इस शिविर में कुल 61 लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।शिविर में एनके प्रबंधन, ज्वॉयमाइनिंग, सीआइएसएफ, खलारी इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो, सीओ प्रणवअंबरष्ट, बीडीओ संतोष कुमार सिंह,श्रमिक नेता विनय सिंह मानकी, प्रेमकुमार, हरेंद्र सिंह, कृष्णा चौहान, व्यवसायी संघ के सुशील अग्रवाल, शत्रुंजय सिंह, बलबीर सिंह आदि ने सहयोग किया। मौके पर डॉ प्रभा, एन के एरिया स्टाफ ऑफिसर सिविल सुमन कुमार भीमसेन प्रसाद, भरत रजक, रामकुमार, डब्लू, नितेश कुमार, अनुज कुमार, पकज चौहान, राम सिंह, अजय कुमार,रवींद्र साहू, सिस्टर सरोज, सिस्टर रीता, राजकुमार, अजय विश्वकर्मा,संजीत सिंह, संतोष सिंह, विकास चौहान विक्की व अन्य मौजूद थे।

### 64वां सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता

## जोश व उत्साह के साथ आयोजन जारी, दूसरे दिन डीसी व एसपी हुए शामिल

संवाददाता

**चतरा :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तत्वाधान में 05 जुलाई से 07 जुलाई तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना चतरा द्वारा 64वीं सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को आयोजन स्थल पर उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुमित कुमार अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं खेल भावना को बनाए रखने का संदेश दिया।इस अवसर पर उपायुक्त कहा कि सुब्रतो कप न केवल खेल का आयोजन है, बल्कि यह अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व व मानसिक सुदृढ़ता का प्रतीक भी है। विद्यार्थियों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने हेतु ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। जिला प्रशासन इस प्रकार के आयोजनों को सदैव प्रोत्साहित करता रहेगा।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि खेल युवाओं को ऊर्जा, अनुशासन व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना सिखाता है। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को भविष्य में राष्ट्रीय-





अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। दूसरे दिन के खेल का उद्घाटन जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार ने किया।प्रथम मैच हंटरगंज बनाम सिमरिया के बीच हुआ जिसमें प्लांटी शूट आऊट में हंटरगंज विजय हुई । दूसरा मैच चतरा बनाम लावालौंग के बीच हुआ जिसमें चतरा की टीम विजय हुई ,तीसरा मैच टंडवा बनाम कान्हाचट्टी के बीच हुआ जिसमें टंडवा का टीम विजय हुई, चौथा मैच प्रतापपुर बनाम गिद्धौर के बीच हुआ जिसमें 1- 0 से गिद्धौर की टीम विजय हुई।पांचवा मैच हंटरगंज बनाम कुंदा के बीच मैच हुआ जिसमें कुंदा की टीम विजेता बनी।छठा मैच गिद्धौर बना मयूरहंड के बीच हुई जिसमें गिद्धौर के टीम विजेता हुई। सातवां मैच टंडवा बनाम पत्थलगड़ा के बीच हुआ जिसमें टंडवा की विजेता बनी। आठवां मैच इटखोरी बनाम चतरा के बीच खेला गया जिसमें चतरा की टीम विजेता बनी। वहीं पहला सेमीफाइनल मैच टंडवा एवं कुंदा के बीच हुआ जिसमें कुंदा की टीम प्लेंटी शूटआउट में चार तीन से विजेता हुई।दूसरा सेमीफाइनल मैच चतरा बनाम गिद्धौर के बीच आयोजित किया गया।जिसमें चतरा के टीम प्लांटि शूटआउट में विजय हुई । तृतीय स्थान के लिए टंडवा बनाम गिद्धौर के बीच मैच खेला गया जिसमे गिद्धौर की टीम प्लेंटी शूटआउट में विजय हुई। वहीं फाइनल मैच में चतरा की टीम ने कुंदा को एक गोल से हराया। इस अवसर पर स्टेडियम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।इस मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने विजेता और उपविजेता टीम को मेडल और कप देकर सम्मानित किया।आयोजन का समापन 07 जुलाई को किया जाएगा, जिसमें विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, चतरा जिला ओलम्पिक संघ कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा,सचिव राकेश कुमार सिंह और कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।मैच को सफल बनाने में सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश पांडेय,जिला ओलंपिक संघ के सचिव राकेश सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी तथा रेफरी के रूप में वीरेंद्र कुमार रविदास ,जगदीश सिंह भोगता ,जोगेंद्र रविदास, डब्लू राम,मेघनाथ गंझू ,जीतन गंझू, रवि कुमार, राहुल कुमार के अलावे प्रतिनियुक्त सभी शारीरिक शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# सरकारी दफ्तर में सिगरेट पीते कर्मचारी का वीडियो वायरल, सीएम के आदेश पर निलंबित

संवाददाता

**रांची/चाईबासा :** सरकारी कार्यालय में अनुशासनहीनता और नशे की लत का एक मामला झारखंड के चाईबासा समाहरणालय से सामने आया है, जहां एक जन सेवक जगमोहन सोरेन का कार्यालय में सिगरेट पीते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आते ही पूरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया और मामला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंचते ही तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



मुख्यमंत्री ने इस घटना को सरकारी सेवा और कार्यालय अनुशासन के खिलाफ गंभीर उल्लंघन मानते हुए चाईबासा डीसी को कार्रवाई के निर्देश दिए। डीसी ने मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार तत्काल जगमोहन सोरेन को निलंबित कर दिया है।

कार्यालय में खुलेआम सिगरेट पीने का वीडियो हुआ वायरलः घटना के अनुसार, चाईबासा समाहरणालय में कार्यरत जन सेवक जगमोहन सोरेन कार्यालय समय के दौरान खुलेआम सिगरेट पीते हुए नजर आए। किसी व्यक्ति ने उनका यह कृत्य मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया और सोशल मीडिया पर साझा कर दिया। वीडियो कुछ ही घंटों में वायरल हो गया और कई मंचों पर इसकी तीखी आलोचना होने लगी। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि संबंधित कर्मचारी सरकारी दस्तावेजों के बीच बैठे सिगरेट का कश लगा रहे हैं, जो कि कार्यालय शिष्टाचार और नियमों का घोर उल्लंघन है।

मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, तत्काल निलंबन का आदेशः वीडियो वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वयं मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने इसे एक अशोभनीय आचरण मानते हुए चाईबासा के जिलाधिकारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, चाईबासा डीसी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के आलोक में वीडियो में प्रदर्शित सरकारी कार्यालय में अशोभनीय कृत्य के लिए जगमोहन सोरेन, जन सेवक को झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली-2016 की कंडिका 9(क) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। साथ ही उप विकास आयुक्त को अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश भी दिया गया है।

कर्मचारियों के लिए चेतावनी, सार्वजनिक सेवा में अनुशासन जरूरीः इस घटना ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारियों से शालीनता और जिम्मेदारी की अपेक्षा की जाती है। कार्यालय परिसरों में धूम्रपान और नशा न केवल गैरकानूनी है बल्कि प्रशासनिक गरिमा के भी खिलाफ है।

# ओरमांझी में बड़ा हादसा, 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से बिजली मिस्त्री की मौत

संवाददाता

**रांचीः** राजधानी रांची के ओरमांझी में आज सोमवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक बिजली मिस्त्री की 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान आनंदी गांव निवासी उमेश महतो के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है। आक्रोशित ग्रामीण बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीण मुआवजे की मांग कर रहे हैं।



**अचानक बहाल हुई बिजली आपूर्तिः** घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिजली मिस्त्री उमेश महतो 11 हजार वोल्ट की लाइन में खराबी ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़ा था। इस दौरान विभाग ने मरम्मत कार्य के लिए बिजली आपूर्ति को अस्थायी रूप से बंद किया था। लेकिन, जैसे ही मिस्त्री खंभे पर चढ़ा, अचानक बिजली आपूर्ति फिर से बहाल कर दी गयी, जिससे बिजली मिस्त्री को करंट लगा और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी।

### एचईसी आवासीय परिसर के वार्ड 40 का हाल बेहाल

# क्वार्टर के सामने कचरे का अंबार बीमारी फैलने की आशंका



विशेष संवाददाता

**रांचीः** एचईसी आवासीय परिसर स्थित रांची नगर निगम वार्ड-40 अंतर्गत सेक्टर तीन के बी टाइप आवास संख्या बी-277 व बी-278 के सामने लगे कचरे के अंबार से संक्रामक रोग फैलने की आशंका है। इस दिशा में न तो नगर निगम और न ही एचईसी प्रबंधन का ध्यान है। उक्त आवास के सामने सड़क से प्रतिदिन स्थानीय निवासियों का आवागमन होता है। उक्त मार्ग से पैदल जाने वाले निवासियों को नाक पर रूमाल रखकर गुजरना पड़ता है।

स्थानीय निवासियों की ओर से इस दिशा में नगर निगम के कर्मी का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर निगम के सफाई कर्मियों द्वारा कचरे का उठाव नहीं

- नगर निगम व एचईसी प्रबंधन उदासीन
- सड़क पर फैले कचरे के दुर्गंध से नागरिक परेशान

किए जाने से स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। उक्त मार्ग पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। वहीं, आवासों में रहने वाले लोगों को कचरे की सड़ांध की बदबू से काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासियों के मुताबिक नगर निगम के सफाई कर्मियों की उदासीनता से इस क्षेत्र में महामारी फैलने की आशंका है। इससे नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है।

# धोनी ने मनाया अपना 44वां बर्थडे, दोस्तों ने गिफ्ट में दिया चॉकलेट

## धोनी के बर्थडे पर फैन क्लब के बच्चों ने काटा केक

संवाददाता

**रांचीः** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान, दाएं हाथ के बल्लेबाज और विकेटकीपर एमएस धोनी 7 जुलाई 2025 को 44 साल के हो गए। दबाव के समय अपनी अडिग शांति और असाधारण स्ट्रेटजी बनाने वाले धोनी ने 2004 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से ही एक शानदार विरासत बनाई है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ अपने करियर के अंतिम वर्षों में, उन्होंने भारत के सबसे प्रिय आइकन में से एक के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है, अपने देश और अपने गृहनगर रांची को वह सब कुछ दिया है जिसकी वे उम्मीद कर सकते थे। उनके जन्मदिन के मौके पर रांची के प्रशंसकों ने बारिश के मौसम में भी भींगते हुए उनके बर्थडे को सेलीब्रेट किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।



धोनी के बचपन, क्रिकेट करियर के दौरान और शानदार प्रदर्शन के बाद टीम इंडिया से रिटायरमेंट तक हर समय रांची से उनका लगावा बना रहा। आम तौर पर शोहरत की बुलंदियों को छूने के बाद छोटे शहर से लोग किनारा कर लेते हैं, लेकिन धोनी का लगाव अपने प्यारे शहर के लिए बना रहा। उन्होंने भारतीय टीम से रिटायर होने के बाद रांची में ही अपना घर बनाया और जिंदगी के ज्यादातर समय को वे यहीं व्यतीत कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी को रांची ने भी वैसा ही प्यार दिया है।

उनके 44वें जन्मदिन पर प्रशंसकों ने उनके आवास के बाहर और रिंग रोड पर जश्न मनाया। इस मौके पर भारी बारिश भी उन्हें डिगा नहीं पाई। एमएस धोनी फैन क्लब ने केक काटा और उनके कटआउट को ही केक खिलाया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है, जिसमें छोट-छोट बच्चे धोनी के जन्मदिन को सेलीब्रेट कर रहे हैं। हरे और सफेद रंग का केक बच्चों के हाथों से ही कटवाया गया।

स्टार स्पोर्ट्स ने भी धोनी के जन्मदिन पर एक खास वीडियो शेयर किया, जिसमें लिखा था, ह्लआपने सिर्फ एक टीम का नेतृत्व नहीं किया। आपने प्रशंसकों की एक पूरी पीढ़ी का नेतृत्व किया। 2007 के टी20 विश्व कप के चमत्कार से लेकर 2011 के अविस्मरणीय छक्के तक, रोंगटे खड़े करने के लिए शुक्रिया माही। जन्मदिन की शुभकामनाएँ, 7 शेड्स ऑफ धोनी!

**एमएस धोनी के फेवरेट फॉर्मेट में क्रिकेट रिकॉर्डः** 17,266 अंतर्राष्ट्रीय रन, विकेट के पीछे कुल 829 शिकार और भारत के लिए सभी प्रारूपों में 538 मैचों के साथ एमएस धोनी न केवल दुनिया के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं, बल्कि एक ट्रेंड सेटर भी हैं। क्रिकेट की सभी ट्रॉफियों के विजेता धोनी का सबसे मजबूत फॉर्मेट बिना किसी शक के वनडे प्रारूप ही रहा। 350 एकदिवसीय मैचों में, उन्होंने 50.57 की शानदार औसत से 10,773 रन बनाए। उनके रिकॉर्ड में 10 शतक और 73 अर्धशतक शामिल हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 183* है, जो फिनिशर्स के लिए एक बेंचमार्क है। सबसे शानदार यह रहा कि उन्होंने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए 10,000 से अधिक रन बनाए, जिससे उनकी उपलब्धि और भी असाधारण हो गई।

## सीएम हेमंत सोरेन ने खास अंदाज में दी कैप्टन कूल को जन्मदिन की बधाई



**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैप्टन कूल महेंद्र सिंह धोनी को जन्मदिन की बधाई दी। माही आज अपना 44 वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर देश-विदेश से लाखों लोग उन्हें जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं। माही के होमटाउन रांची में उनके फैंस उन्हें जन्मदिन की बधाई देने उनके फार्महाउस भी पहुंचे हैं। इसी बीच झारखंड के मुख्यमंत्री ने बेहद ही खास अंदाज में माही को जन्मदिन की बधाई दी।

सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर माही के लिए बेहद ही खास संदेश लिखा। धोनी को जन्मदिन की बधाई देते हुए सीएम ने लिखा, झारखण्ड के लाल कैप्टन कूल माही को जन्मदिन की ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार, मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूँ।

# सीए फाउंडेशन की परीक्षा में जेवियर्स कॉलेज, रांची के छात्र ओमर खान को मिली सफलता



**रांचीः** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा सीए मई 2025 का परीक्षा का रिजल्ट 6 जून को जारी कर दिया गया है। जिसमें इस बार सभी श्रेणियों में सफलता का परिणाम लगभग 14 से 15 प्रतिशत तक रहा है। रांची से लगभग 176 छात्रों ने सीए फाउंडेशन में सफलता प्राप्त की। जिसमें मेट्रो रेज अखबार परिवार के सदस्य आफताब खान (दीपू) के पुत्र ओमर खान जो संत जेवियर्स कॉलेज रांची में बीकॉम के छात्र हैं ने भी सफलता हासिल की है। ओमर खान ने बिना किसी कोचिंग के स्वयं पढ़ाई कर इसमें सफलता प्राप्त की । ओमर के माता-पिता का कहना है कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है। उन्होंने कहा कि हम अपने बेटे के साथ - साथ सभी छात्रों के उज्वल भविष्य की प्रार्थना करते हैं।

# लेवी मांगने के आरोप मे अपराधी को गिरफ्तार किया कर भेजा गया जेल



संवाददाता

**सिमडेगा :** दिनांक- 26।04।25 को अनिश शाद, पिता- मो0 यासीन, पता- कॉलेज रोड सिमडेगा कि लिखित आवेदन के आधार पर मोबाईल नम्बर-7366080914 से कॉल कर लेवी मांगने के आरोप में कोलेबिरा थाना काण्ड सं0-31/25, दिनांक- 26।04।25, धारा- 308(2)/ 308(3)/ 308(4) भारतीय न्याय संहिता दर्ज किया गया है। वादी का कन्सट्रक्सन कंपनी है जो कोलेबिरा थाना अंतर्गत लरबा डेम से लेकर शाहपुर तक नहर का निर्माण कार्य कर रही है। उक्त कंपनी से काम करने के एवज में अपराधियों द्वारा मोबाईल नम्बर-7366080914 से कॉल कर 5 प्रतिशत लेवी मांगा गया, लेवी नहीं देने पर गोली मार कर जान से मार देने और साईट पर रखे गाड़ियों को जलाने की धमकी दिया गया । अनुसंधान के क्रम में अपराधी- 1। फुल सिंह, पिता-एतवा सिंह, स्थायी पता- पतुरा, थाना- बसिया, जिला- गुमला, वर्तमान पता- रैसिंयां, थाना-कोलेबिरा, जिला- सिमडेगा एवं 2। राजेश साहु उर्फ चुठु, पिता-झोयलो साहु, पता- श्रीकोण्डेकेरा, थाना- कोलेबिरा, जिला-सिमडेगा को गिरफ्तार किया गया तथा लेवी मांगने हेतु प्रयोग में लाये गये मोबाईल को फुल सिंह के पास से बरामद किया गया।

**अपराधियों का अपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में इनके विरूद्ध कोलेबिरा, सिमडेगा, बोलबा, ए0एच0टी0यू0 थाना गुमला, बसिया थाना में काण्ड दर्ज है।**

अपराधियों का अपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में इनके विरूद्ध कोलेबिरा, सिमडेगा, बोलबा, ए0एच0टी0यू0 थाना गुमला, बसिया थाना में काण्ड दर्ज है।

**गिरफ्तार वयक्ति का नाम-पता -**

1। फुल सिंह, पिता- एतवा सिंह, स्थायी पता- पतुरा, थाना- बसिया, जिला- गुमला, वर्तमान पता- रैसिंयां, थाना- कोलेबिरा, जिला- सिमडेगा एवं



# मुहर्रम सिर्फ मातम नहीं, यह अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का पर्व हैः डॉ इरफान अंसारी

**रांचीः** पूरे देश भर में कल मुहर्रम मनाया गया। दुनिया भर के मुसलमान कर्बला की जंग को याद किया। वहीं, झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मुहर्रम के अवसर पर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद व नमन किया है।

मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि जब कर्बला की तपती जमीन पर हजरत इमाम हुसैन अपने चंद साथियों के साथ घिरे थे, ना पानी था, ना खाना, ना हथियारों की ताकत, लेकिन उनके पास था सच का हौसला, जुल्म के खिलाफ अडिग जज्बा और अपने उसूलों के लिए हर कुबार्नी देने का संकल्प। डॉ। अंसारी ने कहा कि उन्होंने यजीद जैसे अत्याचारी को खलीफा मानने से इनकार कर दिया और अपने परिवार समेत सब कुछ कुर्बान कर दिया, मगर धर्म और इंसाफ के रास्ते से वह नहीं हटे।

डॉ अंसारी ने कहा कि मुहर्रम हमें याद दिलाता है कि इंसान की असली ताकत उसकी सच्चाई, उसके आदर्श और उसकी नीयत होती है। डॉ अंसारी ने कहा कि मुहरर्म सिर्फ मातम नहीं, यह अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का पर्व है। यह दिन हमें सिखाता है कि कठिन से कठिन समय में भी सच्चाई का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मुहरर्म, आइए हम हजरत हुसैन के उसूलों को याद करें और उन्हें अपने जीवन में उतारें।

# सिमडेगा के बाल संप्रेक्षण गृह से 6 बच्चे फरार, पुलिस विभाग में मचा हड़कंप

संवाददाता

**सिमडेगाः** बाल संप्रेक्षण गृह से 6 बच्चे फरार हो गए हैं। ये सभी बच्चे अलग-अलग कांडों में पकड़े गए थे। जानकारी के अनुसार ड्राम लगाकर बच्चे संप्रेक्षण गृह की बाउंड्री फांदकर फरार हो गए। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस बच्चों की तलाश में जुट गई है।

**जांच में जुटी पुलिसः** हत्या सहित अन्य अलग-अलग मामलों में पकड़े गए 6 बच्चे रविवार रात अंधेरे का फायदा उठाकर बाल संप्रेक्षण गृह की दीवार फांदकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार फरार बच्चों में लातेहार का एक, पश्चिम सिंहभूम के दो और गुमला के 3 बच्चे शामिल हैं। इनके फरार होने की सूचना मिलते हैं डीएसपी हेडक्वार्टर और एसडीपीओ सिमडेगा मामले की जांच में जुट गए हैं। पुलिस फरार बच्चों को पकड़ने की कोशिश में जुट गई है।




**संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा को लेकर सवालः** इधर, बाल संप्रेक्षण गृह से बच्चों के फरार होने की सूचना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। विदित हो कि कुछ माह पूर्व भी बाल संप्रेक्षण गृह के एक बच्चे के साथ मारपीट की घटना हुई थी। जिसके पश्चात सदर अस्पताल में इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई थी। इस मामले में परिजनों ने बच्चे के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया था और अब एक साथ 6 बच्चों के भागने का मामला सामने आने के बाद बाल संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इधर, इस संबंध में सिमडेगा के एसपी मो। अर्सी ने कहा कि बाल संप्रेक्षण गृह से 6 बच्चे फरार हुए हैं। पुलिस बच्चों को ढूंढने की कोशिश में जुटी है।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## मुफ्त अनाज

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को एक बार फिर तीन महीने के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। अब यह योजना 31 दिसंबर तक जारी रहेगी। यह इस योजना का सातवां विस्तार है। ध्यान रहे, इसकी शुरूआत अप्रैल 2020 में तब की गई थी, जब कोरोना को बेकाबू होने से रोकने की कोशिशों के तहत देशव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की गई थी। उस दौरान अचानक सारा कामकाज ठप हो जाने और आजीविका के साधन समाप्त हो जाने की वजह से देश में कमजोर तबकों के सामने जीवन निर्वाह की समस्या पैदा हो गई थी। उस कठिन दौर में जरूरतमंदों की मदद के लिए सरकार ने दो महीने के लिए यह योजना घोषित की, जिसके तहत 80 करोड़ गरीबों को पांच किलो गेहूं और चावल मुफ्त मुहैया कराए गए। चूंकि कोरोना की समस्या जारी रही, इसलिए सरकार ने अप्रैल 2021 में फिर से यह योजना घोषित की। इस बार भी यह दो महीने के लिए थी, लेकिन इसे पांच महीने के लिए बढ़ा दिया गया। तब से इसे लगातार बढ़ाया जाता रहा है। चूंकि अब कोरोना के वैसे हालात नहीं रहे, जन जीवन सामान्य हो चुका है, काम धंधे शुरू हो चुके हैं, इसलिए उम्मीद की जा रही थी कि इस योजना को और विस्तार नहीं दिया जाएगा। यूक्रेन युद्ध के कारण जहां दुनिया में सप्लाई चेन बाधित हुई वहीं अनाज की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। बढ़ी हुई महंगाई दर और रुपये की कमजोरी के चलते देश की वित्तीय स्थिति भी कमजोर हुई है। इसलिए वित्त मंत्रालय इस योजना को मिलने वाले विस्तार की वजह से करीब 45000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ बर्दाश्त करने के मूड में नहीं था। खबरों के मुताबिक वित्त मंत्रालय का सुझाव था कि अगर योजना को विस्तार देना ही है तो भी उसमें अनाज की मात्रा कम की जानी चाहिए। मगर कैबिनेट के फैसले के मुताबिक योजना अपने पुराने स्वरूप में ही जारी रहेगी। ध्यान रहे, साल के अंत में हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव होने हैं। स्वाभाविक ही आरोप लग रहे हैं कि सरकार के इस फैसले के पीछे चुनावी हित हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि इस फैसले की वजह से गरीबों के चेहरे पर मुस्कान आएगी और उनके घर में चूल्हे जलते रहेंगे। निश्चित रूप से किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार को देश की आबादी के कमजोर हिस्सों की चिंता होनी चाहिए। लेकिन उसी चिंता का एक रूप यह भी है कि देश की वित्तीय संरचना पर हद से ज्यादा बोझ न पड़े। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री ने मुफ्त घोषणाओं को मुद्दा बनाया था और राजनीतिक दलों को इससे बचने की जरूरत बताई थी। ऐसे में इस योजना को मिला विस्तार खुद सरकार की प्राथमिकताओं पर कुछ असुविधाजनक सवाल तो खड़े कर ही गया है।

## घरेलू निवेशकों की चांदी

**वैश्विक** स्तर पर राजनीतिक अस्थिरता  कई देशों में तनावपूर्ण हालात और आर्थिक अनिश्चितताओं के चलते विदेशी निवेशकों के सतर्क रहने के कारण अप्रैल-जून में भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश 33 फीसद से घट कर 1.69 अरब डॉलर रह गया है। रियल एस्टेट परामर्शदाता कंपनी कोलियर्स इंडिया यह आकलन लगाया है। कोलियर्स इंडिया के आंकड़ों से पता चलता है कि बीते साल अप्रैल- जून में रियल एस्टेट क्षेत्र में जो 253.33 करोड़.डॉलर का संस्थागत निवेश था  वह घट कर 169.12 करोड़ डॉलर रह गया। समीक्षाधीन अवधि में विदेशी निवेशकों से प्राप्त धन प्रवाह 204.68 करोड़. ड़ॉलर से लगभग आधा होकर 104.84 करोड़. डॉलर रह गया। बेशक भू-राजनीतिक हालात तमाम देशों को प्रभावित कर रहे हैं  और तमाम अर्थव्यवस्थाएं इनसे असरंदोज हो रही हैं, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था के बुनियादी कारक हालिया वर्षों में बराबर इतने मजबूत बने रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक परिदृश्य के घटनाक्रम के असर से ज्यादा प्रभावित नहीं होने पाती। ऐसा ही हमने कोविड़ 19 महामारी के समय भी देखा था। उस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था को खासा झटका लगा था, लेकिन भारत अपनी आर्थिक गतिविधियों को चलायमान बनाए रख सका तो मात्र इसलिए कि घरेलू मांग शिथिल नहीं पड़ी थी। अभी भी वैश्विक भू-राजनीतिक स्थितियां तमाम देशों पर असर ड़ाल रही हैं और इसी के चलते भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र पर भी असर पड़ा है। लेकिन इतने विपरीत हालात में भी भारत के घरेलू निवेश ने रियल एस्टेट को संभाले रखा है। घरेलू निवेशकों का उत्साह बराबर बना रहा और उन्होंने अप्रैल- जून के दौरान 64. 28 करोड़. डॉलर का निवेश किया जो पिछले वर्ष की संबद्ध अवधि के 48.65  करोड़.ड़ॉलर से 32 फीसद अधिक है। कह सकते हैं कि घरेलू पूंजी भारत के रियल एस्टेट निवेश में एक प्रमुख चालक के रूप में उभरी है। कुल निवेश में इसकी हिस्सेदारी 2021 के 16 फीसद से बढ़कर 2024 में 35 फीसद हो गई। घरेलू निवेशकों के प्रभुत्व के चलते अनिश्चतताओं का भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में ज्यादा असर नहीं पड़ने पाया। रियल एस्टेट क्षेत्र के कमजोर न पड़ने के कारण इससे संबद्ध अन्य क्षेत्रों में भी मजबूती बनी रही जो अर्थव्यवस्था के लिए राहतकारी है।

# आरबीआई के पायलट प्रोजेक्ट से जुड़ी उम्मीदें

एक रोचक बात यह सामने आई कि भारतीय समाज में इन दिनों नियमित खर्चों के भुगतान के लिए नकद मुद्रा तथा यूपीआई के उपयोग का प्रतिशत तकरीबन बराबर हो गया है। छोटे खर्चों के भुगतान के लिए लोगों की पहली प्राथमिकता नकद मुद्रा का उपयोग ही है। मुद्रा के नए डिजिटल प्रारूप सीबीडीसी लागू करने के पीछे मुख्य उद्देश्य नकद मुद्रा के प्रबंधन से संबंधित लागत को कम करना है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक अप्रैल 2021 से 31 मार्च, 2022 के दौरान केंद्र सरकार द्वारा मुद्रा की छपाई तथा रखरखाव, भंडारण व परिवहन पर तकरीबन 4,984 करोड़ रुपये खर्च हुए, जो पिछले वित्तीय वर्ष से करीब 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है। अगर डिजिटल मुद्रा का प्रचलन बढ़ जाएगा, तो इस लागत को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

**अजय बोकिल**

पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक ने देश के पहले डिजिटल रुपी पायलट प्रोजेक्ट को थोक सेगमेंट में लॉन्च कर दिया है। इस डिजिटल रुपया को देश में लीगल टेंडर के तौर पर जारी किया गया। केंद्रीय वित्तमंत्री ने एक फरवरी, 2022 को केंद्रीय बजट पेश करते हुए डिजिटल मुद्रा के संबंध में घोषणा की थी। भारत अब विश्व के उन चुनींदा देशों में शामिल हो गया है, जो अपनी डिजिटल मुद्रा जारी कर चुके हैं। भारतीय समाज में पिछले दो-तीन दशकों में व्यावसायिक व व्यक्तिगत लेन-देन में टेक्नोलॉजी का उपयोग बड़ी तेजी से बढ़ा है। इसकी शुरूआत एटीएम कार्ड से हुई।  उसके बाद व्यक्तियों को अधिक से अधिक इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणाली से जोड़ने के लिए बैंकिंग व्यवस्था द्वारा समय-समय पर टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया। इसी के फलस्वरूप वर्ष 2004 में सबसे पहले आरटीजीएस, वर्ष 2005 में नेफ्ट, 2010 में आइएमपीएस, 2011 में सीटीएस, 2012 में एनएसीएच को बैंकिंग के तहत उपयोग में लाया जाने लगा। वित्तीय लेन-देन में टेक्नोलॉजी के उपयोग से कई फायदे सामने आने लगे, जिनमें मुख्यतः समय की बचत सबसे उपयोगी सुविधा बनी। इससे बैंकिंग




सुविधाओं का उपयोग 24 घंटे संभव होने लगा।
काले धन पर अंकुश के अलावा, नोटबंदी का एक उद्देश्य अर्थव्यवस्था में डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करना भी था। उसी के परिणामस्वरूप यूपीआई भुगतान प्रणाली बड़ी तेजी से बढ़ी। विभिन्न ऑनलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से मुद्रा का भुगतान किया जाने लगा। कोरोना महामारी के दौरान यूपीआई सिस्टम ने बड़े पैमाने पर भारतीय समाज को मुद्रा के डिजिटल लेन-देन में सहायता की। लेकिन आज भी भारतीय समाज में नकद मुद्रा का प्रचलन काफी ज्यादा है। रिजर्व बैंक द्वारा भारत के छह बड़े शहरों में किए गए एक सर्वे के मुताबिक, तकरीबन 41 प्रतिशत लेन-देन यूपीआई से हो रहे हैं, तो 55 प्रतिशत लेन-देन आज भी नकद मुद्रा के माध्यम से होते हैं।  एक रोचक बात यह सामने आई कि भारतीय समाज में इन दिनों नियमित खर्चों के भुगतान के लिए नकद मुद्रा तथा यूपीआई के उपयोग का प्रतिशत तकरीबन बराबर हो गया है। छोटे खर्चों के भुगतान के लिए लोगों की पहली प्राथमिकता नकद मुद्रा का उपयोग ही है। मुद्रा के नए डिजिटल प्रारूप सीबीडीसी लागू करने के पीछे मुख्य उद्देश्य नकद मुद्रा के प्रबंधन से संबंधित लागत को कम करना है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक अप्रैल 2021 से 31 मार्च, 2022 के दौरान केंद्र सरकार द्वारा मुद्रा की छपाई तथा रखरखाव, भंडारण व परिवहन पर तकरीबन 4,984 करोड़ रुपये खर्च हुए, जो पिछले वित्तीय वर्ष से करीब 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है।  अगर डिजिटल मुद्रा का प्रचलन बढ़ जाएगा, तो इस लागत को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सीबीडीसी का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि भविष्य में सरकार अपनी सभी सामाजिक कल्याण योजनाओं के भुगतान के लिए इसी मुद्रा का उपयोग कर सकती है। डिजिटल मुद्रा को बैंक नोट में बदला जा सकता है। विदेशों में पैसे भेजने की लागत में कमी आएगी। इससे डिजिटल रुपये की वैल्यू मौजूदा मुद्रा के बराबर होगी। इस मुद्रा का एक चिंतनीय पक्ष यह है कि अगर इस मुद्रा पर ब्याज रूपी अतिरिक्त आय प्रचलन में नहीं रहेगी, तो आम व्यक्ति में इसके उपयोग के प्रति प्रोत्साहन कम रहेगा।  वहीं अगर इसमें ब्याज की आय को जोड़ा जाता है, तो निश्चित रूप से बैंकों की वित्तीय जमा में कमी आएगी तथा उसका प्रत्यक्ष नुकसान बैंकों द्वारा आम लोगों को दिए जाने वाले वित्तीय ऋण की तरलता पर पड़ेगा। हमारे मुल्क में आज भी समाज का एक बहुत बड़ा तबका बैंकिंग सुविधाओं से वंचित है।

# पर्यटन में नंबर वन कैसे बनेगा भारत?

विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन के मामले में भी भारत काफी निचले स्तर पर है। यहां तक कि टॉप-10 की लिस्ट में भी भारत का नाम नहीं है। टॉप-10 में क्रमशः फ्रांस, स्पेन, अमेरिका, चीन, इटली, तुर्की, मैक्सिको, थाईलैंड, जर्मनी और ब्रिटेन हैं। विदेशी पर्यटकों के आगमन के मामले में भारत दुनिया भर में 24वें स्थान पर है। इसी से देश में पर्यटन की स्थिति और इसे प्राथमिकता देने के हाल का पता चलता है। अगर बात करें पर्यटन से होने वाली कमाई का, तो वहां भी भारत विश्व पटल पर टॉप-10 देशों की लिस्ट में नहीं है।

**वीरेन्द्र मेहता**

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन को बढ़ावा देने और सुरक्षित पर्यटन उपलब्ध कराने के लिए पिछले हफ्ते सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को टूरिस्ट पुलिस स्कीम लागू करने के निर्देश दिए। गृह मंत्रालय ने भी टूरिस्ट पुलिस स्कीम में राज्यों के पुलिस प्रमुखों से चर्चा करने पर सहमति दी है। अभी टूरिस्ट पुलिस आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गोवा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम और उत्तर प्रदेश में उपलब्ध है।

पर्यटन का योगदानः पर्यटन से जुड़े तमाम क्षेत्रों में रोजगार और व्यवसाय की मांग साल भर चरम पर रहती है। देश के कुल रोजगार का 8 से 10 फीसदी हिस्सा पर्यटन उद्योग से ही आता है। पर्यटन देश के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का भी एक बड़ा स्त्रोत है। जनवरी-अक्टूबर 2018 के दौरान पर्यटन से विदेशी मुद्रा भंडार में 11.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। पर्यटन मंत्रालय की मासिक गणना के हिसाब से 2020 में विदेशी मुद्रा के रूप में 50136 करोड़ रुपये की आमदनी हुई। मगर कोरोना के बाद वर्ष 2021 में देश में आने वाले पर्यटकों की संख्या 2019 के मुकाबले 15 लाख कम हो गई।

**एशिया में हालः** चीन के बाद एशिया में सबसे ज्यादा हेरिटेज साइट्स भारत में ही हैं। चीन में ये 56 तो भारत में 40 हैं। अपनी विविधता भरी संस्कृति के चलते भारत पर्यटन पटल पर दुनिया में नंबर वन हो सकता है, फिर भी फिलहाल तो विदेशी सैलानियों के आने के मामले में यह एशिया में छठे नंबर पर है।



पर्यटन के दम पर बेहतर आर्थिक विकास करते बाकी एशियाई देशों के मुकाबले भारत कहीं बेहतर स्थिति में है, फिर भी इसका लाभ नहीं ले पा रहा है।
- 56 हेरिटेज साइट्स की बदौलत चीन में साल भर में 6.6 करोड़ पर्यटक आते हैं तो कुल 6 हेरिटेज साइट वाले थाईलैंड में 3.98 करोड़ पर्यटक।
- 25 हेरिटेज साइट वाले जापान में 3.2 करोड़, 4 हेरिटेज साइट वाले मलेशिया में 2.61 करोड़ और 8 हेरिटेज साइट वाले वियतनाम में 1.8 करोड़ पर्यटक आते हैं।
- और तो और, आर्टिफिशल चीजें बनाकर सिंगापुर और दुबई लगभग 2 करोड़ पर्यटकों को आकर्षित कर ले रहे हैं।
- वहीं बात भारत की करें तो 40 हेरिटेज साइट्स के बावजूद 2019 में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विविधता से भरे इस देश में कुल 1.79 करोड़ पर्यटक ही आए। विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन के मामले में भी भारत काफी निचले स्तर पर है। यहां तक कि टॉप-10 की लिस्ट में भी भारत का नाम नहीं है। टॉप-10 में क्रमशः फ्रांस, स्पेन, अमेरिका, चीन, इटली, तुर्की, मैक्सिको, थाईलैंड, जर्मनी और ब्रिटेन हैं। विदेशी पर्यटकों के आगमन के मामले में भारत दुनिया भर में 24वें स्थान पर है। इसी से देश में पर्यटन की स्थिति और इसे प्राथमिकता देने के हाल का पता चलता है। अगर बात करें पर्यटन से होने वाली कमाई का, तो वहां भी भारत विश्व पटल पर टॉप-10 देशों की लिस्ट में नहीं है। पर्यटन से सबसे ज्यादा कमाने वाले देश हैं- अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और इटली। कमाई की लिस्ट में भारत 12वें नंबर पर है।

**अनजान नहीं सरकारः** हालांकि केंद्र सरकार इस क्षेत्र की संभावनाओं से अनजान नहीं है। सरकार ने वर्ष 2022-23 के आर्थिक बजट में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए 2400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो 2021-22 के बजट से 18.42 प्रतिशत अधिक है। इससे पहले पर्यटन उद्योग को सरकार पंचवर्षीय योजना में शामिल कर चुकी है। सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985-90) के बाद ही इसे वन्य जीव अभयारण्य, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल, उद्योग-व्यवसाय और स्वास्थ्य पर्यटन का रूप देने का निर्णय किया गया, और पर्यटन क्षेत्र को उद्योग का दर्जा मिला।

अब सरकार ने जिस पर्यटक पुलिस की योजना बनाई है, वह विदेशी पर्यटकों को निश्चय ही एक बड़ा संदेश देगी कि भारत उनकी उम्मीद से भी कहीं ज्यादा सुंदर और सुरक्षित है। अगर यह स्कीम भारतीय पुलिस की औपनिवेशिक मानसिकता से ग्रस्त ना हुई, तो निश्चय ही विदेशी पर्यटकों में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी।

# प्रेम और ध्यान

**चिंतन-मनन**

विचार की जो धाराएं हमारे चित्त पर दौड़ती हैं,कभी उनके मात्र निरीक्षक हो जाएं। जैसे कोई नदी के किनारे बैठा हो और नदी की भागती हुई धार को देखे, सिर्फ किनारे बैठा हो और देखे। या जैसे कोई जंगल में बैठा हो, पक्षियों की उड़ती हुई कतार को देखे; सिर्फ बैठा हो और देखे। या कोई वर्षा के आकाश को देखे और बादलों की दौड़ती हुई, भागती पंक्तियों को देखे। वैसे ही अपने मन के आकाश में विचार के दौड़ते हुए मेघों को,ङ्क विचार के उड़ते हुए पक्षियों को, विचार की बहती हुई नदी को चुपचाप तट पर खड़े होकर देखना है। जैसे हम किनारे पर बैठे हैं और विचार को देख रहे हैं। विचार को उन्मुक्त छोड़ दें, विचार को बहने दें और भागने दें और दौड़ने दें और आप चुप बैठकर देखें। आप कुछ भी न करें। कोई छेड़छाड़ न करें। कोई रु कावट न डालें। कोई दमन न करें। कोई विचार आता हो, तो रोके न; न आता हो, तो लाने की चेष्टा न करें, पूरी शिद्दत से प्रयास करें। आप मात्र निरीक्षक हों। उस मात्र निरीक्षण में दिखाई पड़ता है,अनुभव होता है, विचार अलग हैं और मैं अलग हूं। क्योंकि बोध होता है कि जो विचारों को देख रहा है, वह विचारों से पृथक होगा,अलग होगा, भिन्न होगा। और जब यह बोध होता है, तो अदभुत शांति घनी होने लगती है। क्योंकि तब कोई चिंता आपकी नहीं है,किसी तरह की परेशानी नहीं है। आप चिंताओं के बीच में हो सकते हैं, चिंता आपकी नहीं है। आप समस्याओं के बीच में हो सकते हैं ,समस्या आपकी नहीं है। आप विचारों से घिरे हो सकते है, विचार आपके नहीं हैं। विचारने से कोई बुद्ध नहीं हुआ, हो सकता है तुम विचारने में किसी की नकल कर सको,बहुत आसान है, लेकिन उसकी व्यर्थता को देखो वह आप के कोई काम का नहीं है। और अगर यह खयाल आ जाए कि मैं विचार नहीं हूं, तो विचारों के प्राण टूटने शुरू हो जाते हैंङ्क विचार निर्जीव होने लगते हैं, मृतप्राय होने लगते हैं। विचारों की शक्ति इसमें है कि हम यह समझें कि वे हमारे हैं। जब आप किसी से विवाद करने पर उतर जाते हैं तो आप कहते हैं,मेरा विचार!' कोई विचार आपका नहीं है। सब विचार अन्य हैं और भिन्न हैं आपसे अलग हैं। उनका निरीक्षण।

## आपके पत्र

### भूस्खलन का कारण अंधाधुंध निर्माण

**हिमाचल** प्रदेश में भूस्खलन से भारी तबाही हुई है। लेकिन हमें यह चिंतन करने की जरूरत है कि भूस्खलन का कारण कहीं गलत तरीके या कुदरत की लक्ष्मण रेखा से बाहर जाकर किए जा रहे काम तो नहीं? पहाड़ी क्षेत्रों में सडकों का निर्माण करने के लिए जिन साधनों का प्रयोग किया जाता है, उससे पहाड़ों की नींव कमजोर पड़ जाती है, जो वाहनों की आवाजाही से दिन-प्रतिदिन और कमजोर हो जाती है और एक दिन भविष्य में ऐसा भी आ जाता है कि यह पहाड़ लोगों की जिंदगी के लिए खतरा भी बन सकते हैं।

राज्य और केंद्र सरकारों को ऐसे रास्तों और पहाड़ों का निरीक्षण करवाना चाहिए। जहां कहीं भी कोई कमी नजर आए, तो उस पहाड़ को खुद गिरा देना चाहिए ताकि भविष्य में वो जन-धन की हानि का कारण न बने। भूस्खलन को रोकने के लिए हमें अंधाधुंध निर्माण तुरंत रोकना होगा।

**बीके शर्मा, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# बिशुनपुर पंचायत के बड़ा बनगामा से मुर्गाबानी गांव तक जाने वाली कच्ची सड़क दलदल में तब्दील

## इसी मार्ग से हर दिन आना जाना करते हैं 10 गांव के लोग

## बीडीओ के आश्वासन के बाद भी अबतक नहीं बन पाई पक्की सड़क



**संवाददाता**

**साहिबगंज/बोरियो :** प्रखंड के बिशुनपुर पंचायत के बड़ा बनगामा से मुगार्बानी गांव तक जाने वाली कच्ची सड़क अब तक नहीं बन पाई है। बारिश में यह रास्ता कीचड़ से भर जाता है।लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है।लोकसभा चुनाव से पहले ग्रामीणों ने सड़क की मांग को लेकर वोट बहिष्कार का ऐलान किया था।तब प्रशासन ने विधानसभा चुनाव से पहले सड़क बनाने का भरोसा दिया था।इसके बाद बोरियो प्रखंड के मुगार्बानी,बिशनपुर प्रधान टोला पोखरिया संथाली,पोखरिया पहाड़, ढंगीपुर कितझोर ,दुमकी सुअरमारी, गरापानी समेत आधा-दर्जन गांवों के आदिवासी ग्रामीणों ने डुगडुगी बजाकर आंदोलन शुरू किया था।तब प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव ने कहा था कि एनआरईपी और आईओ के तहत सड़क की मापी हो चुकी है।विभाग से स्वीकृति भी मिल गई है।बारिश के कारण काम शुरू बिशुनपुर पंचायत के बड़ा बनगामा से मुगार्बानी गांव तक जाने वाली कच्ची सड़क जिसपर आसपास के 10 गांव के लोग इसी कीचड़ युक्त सड़क पर चलने को हैं मजबूर है।जल्द सड़क बन जाएगी।लेकिन अब तक सड़क का निर्माण शुरू नहीं हुआ।ग्रामीणों ने बताया कि बड़ा बनगामा से मुगार्बानी तक की कच्ची सड़क परेशानी का कारण बन गई है।इस रास्ते से दर्जनों गांवों के लोग आते-जाते हैं। बारिश में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।बच्चे स्कूल नहीं जा पाते।पगडंडियों से होकर किसी तरह स्कूल पहुंचते हैं।ग्रामीणों ने कहा कि पक्की सड़क बनने से दर्जनों गांवों को फायदा होगा।अभी बारिश में गाड़ियां गांव तक नहीं पहुंच पातीं। बीमार लोगों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में दिक्कत होती है।कई बार खाट पर लादकर मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है।

# राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** भारत निर्वाचन आयोग एवं भारत सरकार के निदेर्शानुसार, झारखंड राज्य के निर्वाचन विभाग द्वारा दिनांक 03 जुलाई,2025 से 17 जुलाई, 2025 तक चलाए जा रहे। जबकि बीएलओओ के लिएएनटीप के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 02-बोरियो अ0ज0जा0 के अंतर्गत सभी बीएलओ को प्रशिक्षित किया जाएगा।यह प्रशिक्षण आईआईएलडीइएम द्वारा विकसित मानकीकृत मॉड्यूल के आधार पर आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का माध्यम पीपीटी हिंदी व अंग्रेजी रहेगा।जिसे प्रशिक्षित प्रशिक्षकों,सहायकों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु एक समर्पित टीम का गठन किया गया है।जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं।निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर हेल्प डेस्क मैनेजर,इंकार इआरओऑपरेटर , बीएलओ सुपरवाइजर एवं अन्य संबंधित कर्मचारी प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथि एवं स्थान विवरण निम्नानुसार है।बोरियो म.के. 68-100 ,33 प्रतिभागी दिनांक 08 जुलाई मंगलवार पूर्वाह्न 09:00 बजे से अनुमंडल कार्यालय में मंडरो म.के. 1-35,35 प्रतिभागी 09जुलाइ बुधवार पूर्वाह्न 09:00 बजे संबंधित प्रखंड कार्यालय सभागार,तालझारी म.के. 178-212,35 प्रतिभागी,10.07.2025 गुरुवार पूर्वाह्न 09:00 बजे से संबंधित प्रखंड कार्यालय सभागार।बोआरीजोर म.के. 247-297 51प्रतिभागी, 11जुलाई शुक्रवार पूर्वाह्न 09:00 बजे से संबंधित प्रखंड कार्यालय सभागार,बोरियो म.के. 101-140,40 प्रतिभागी, 12जुलाई शनिवार पूर्वाह्न 09:00 बजे ससंबंधित प्रखंड कार्यालय सभागार,बोआरीजोर (म.के. 298-348 51 प्रतिभागी 14 जुलाई सोमवार पूर्वाह्न 09:00 बजे से संबंधित प्रखंड कार्यालय सभागार,बोरियो म.के. 141-177 37 प्रतिभागी 15जुलाई मंगलवार पूर्वाह्न 09:00 बजे से संबंधित प्रखंड कार्यालय सभागार,मंडरो म.के. 36-67,32 प्रतिभागी 16 जुलाई बुधवार पूर्वाह्न 09:00 बजे से संबंधित प्रखंड कार्यालय सभागार और तालझारी म.के. 213-246,34 प्रतिभागी दिनांक 17जुलाई गुरुवार पूर्वाह्न 09:00 बजे से संबंधित प्रखंड कार्यालय सभागार,सभी नामित बीएलओ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण में भाग लें। प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, प्रभावशीलता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# एसकेएमयू में स्नातक नामांकन के लिए 56 हजार विद्यार्थियों ने किया आवेदन

## 10 जुलाई से शुरू होगा नामांकन प्रक्रिया

**संवाददाता**

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू) में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए बीए, बीएससी और बीकॉम जैसे स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले हेतु कुल 55,995 छात्रों ने चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून2025 निर्धारित की गई थी।

अब दाखिले की अगली प्रक्रिया के तहत 10 जुलाई2025 से दस्तावेज सत्यापन (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन) की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों ने पहली मेरिट लिस्ट जारी कर दी है, जिसे छात्र संबंधित कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर जाकर देख सकते हैं। कुछ कॉलेजों की सूची यदि अभी तक प्रकाशित नहीं हुई है, तो वह आज या कल तक जारी कर दी जाएगी।

नामांकन की यह प्रक्रिया संथाल परगना प्रमंडल के छह जिलों झ दुमका, देवघर, साहेबगंज, पाकुड़, जामताड़ा और गोड्डा झ में स्थित कुल 41 कॉलेजों में संचालित हो रही है। इन कॉलेजों में से 27 विश्वविद्यालय के अंगीभूत हैं जबकि 14 संबद्ध कॉलेज हैं। अंगीभूत कॉलेजों में 13 पुराने डिग्री कॉलेज, 5 नए डिग्री कॉलेज, 4 नए महिला कॉलेज और 5 मॉडल कॉलेज शामिल हैं।

*सबसे अधिक आवेदन पथरगामा कॉलेज को*

इस बार सबसे अधिक 5,637 आवेदन पथरगामा कॉलेज के लिए प्राप्त हुए हैं। वहीं, सबसे कम मात्र 27 आवेदन महिला कॉलेज, साहेबगंज के लिए आए हैं।

*साइंस और कॉमर्स में घटती रुचि, मानविकी विषयों का दबदबा*

पिछले कुछ वर्षों की तरह इस बार भी संथाल परगना के छात्रों में साइंस और कॉमर्स विषयों के प्रति रुचि में गिरावट देखने को मिली है। साइंस के सभी विषयों में मिलाकर केवल लगभग 5,000 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि कॉमर्स में यह संख्या लगभग 1,000 है। इसके विपरीत मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विषयों में करीब 50,000 छात्रों ने आवेदन किया है।

*हिंदी और इतिहास सबसे लोकप्रिय*

विषयवार आंकड़ों पर नजर डालें तो हिंदी विषय में सर्वाधिक लगभग 12,000 छात्रों ने आवेदन किया है, जबकि इतिहास में यह संख्या लगभग 13,000 है। अंग्रेजी, भूगोल और राजनीति विज्ञान विषयों में 5,000 से 6,000 छात्रों ने रुचि दिखाई है।

*साइंस में जूलॉजी सबसे आगे*

साइंस वर्ग में जूलॉजी विषय को सबसे अधिक 2,600 से अधिक छात्रों ने चुना है। इसके बाद गणित में लगभग 1,000, फिजिक्स में 580, जबकि बॉटनी और केमेस्ट्री में लगभग 400-400 छात्रों ने आवेदन किया है।

सीमित विषयों में ही दिख रही छात्रों की दिलचस्पी

कुल मिलाकर देखा जाए तो छात्र अब चुनिंदा विषयों में ही रुचि दिखा रहे हैं। हिंदी, इतिहास, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान और भूगोल जैसे विषय छात्रों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं।

# जयंती पर याद किए गए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी



**संवाददाता**

**दुमका :** अग्रसेन भवन, दुमका में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद की अध्यक्षता में शनिवार को भारत माता के महान सपूत, जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रभक्त डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्मजयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव,जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर,प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कहा कि ह्लडॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित था। उनका बलिदान हमें हमेशा याद दिलाता है कि भारत की संप्रभुता और सांस्कृतिक गौरव की रक्षा के लिए हमें सतत संघर्ष करते रहना चाहिए। जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर ने कहा कि ह्लडॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने प्राणों की आहुति देकर ह्यएक देश, एक विधानह्न के सिद्धांत को साकार करने का काम किया। उनका बलिदान हमें यह संदेश देता है कि किसी भी परिस्थिति में राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद ने कहा कि ह्लडॉ. मुखर्जी के विचार आज भी हम सभी कार्यकताओं के लिए मार्गदर्शन का स्रोत हैं। उनके दिखाए रास्ते पर चलकर ही हम राष्ट्रवादी विचारधारा को मजबूत कर सकते हैं।

संगोष्ठी में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निवास मंडल,अनुज आर्या,जिला महामंत्री द्वेय मनोज पाण्डेय,डॉ. पवन केशरी,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद सिंह बिट्टू,मार्शल ऋषिराज टुडू,सोनी हेंब्रम,गुंजन मरांडी,दीपक स्वर्णकार,कालेश्वर लायक,सुजीत यदुवंशी,अजय गुप्ता,अमन राज,गणपति पाल,तरुण नंदी,बिनोद यादव हेमंत साहा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लाठी खेलकर विधायक ने किया मोहर्रम टूर्नामेंट का उद्घाटन



**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत इंग्लिश खेल मैदान में मुहर्रम पर्व के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस बार भी मुहर्रम खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.इस दौरान प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा उपस्थित हुए.इसके अलावे विशिष्ट अतिथि के रूप में नजरुल इस्लाम,राजमहल एसडीओ आदरणीय सदानंद महतो,एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठीजी,उधवा बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी शामिल हुए.इस दौरान सभी अतिथियों ने लाठी भांजकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया.प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न मोहर्रम कमेटियों ने हिस्सा लिया.इस दौरान खिलाड़ियों ने लाठी तलवार कुश्ती सहित अन्य कर्तव्य पेश किया।यहां खेल देखने के लिए दूर दराज से हजारों की संख्या में लोग देखने पहुंचे वही मैदान में बच्चों कीझूला,स्केटिंग,ब्रेक डांस,रेल रेलिंग सहित अन्य प्रकार के मनोरंजन के लिए सामग्री लगाया गया.

# अपने खानदान को इस्लाम के खातिर लूटा दिया उसी के याद में हर वर्ष मोहर्रम का त्योहार मनाया जाता है : मौलाना

**संवाददाता**



**साहिबगंज/मंडरो:** प्रखंड अंतर्गत मिजाचौकी तेतरिया, शाहाबाद ,एवं मंडरो धनवासा बुधूवाचक एवं बिशनपुर में मोहर्रम के अवसर पर ताजिया का भ्रमण कराया गया जिसमें ढोल नगाड़े एवं डीजे बैंजो पार्टी के ताल पर नाचते गाते मुस्लिम समुदाय की युवाओं द्वारा परंपरागत हथियारों से लैस होकर या अली या अली का नारा देते हुए ताजिया का क्षेत्र का भ्रमण कराया प्रशासन द्वारा निर्धारित रूप चार्ट के अनुसार ताजिया को विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करते हुए अखाड़ा पर स्थिर होकर लाठी तलवार की आतिशबाजी करते हुए अपना करतब दिखाए तत्पश्चात ताजिया को पुनः भ्रमण करते हुए देर शाम को पहलाम केलिए ले जाया गया जहां पहलवान कर वापसी करते हुए अपने समाज में बना इमामबाड़ा पर रखा गया ।इस संबंध में मौलाना शहादत हुसैन मौलाना शहादत नक्शबंदी ने बताया कि इस्लामी साल का पहला महिना है इसकी दसवीं तारिख को आशुरा कहा जाता है इसी तारिख को मोहम्मद साहब का नाती हजरत इमाम हुसैन कर्बला में वातिल हुकमरा यजिद के सामने डटकर मुकाबला किया और अपने खानदान को इस्लाम के खातिर लूटा दिया उसी के याद में हर वर्ष मोहर्रम का त्योहार मनाया जाता है।वहीं बड़तल्ला तेतरिया की तजिया को मिजाचौकी,नीमगाछी, शाहाबाद, बड़तल्ला, शांति नगर गांधीनगर का भ्रमण कराया गया,मोके पर मोहम्मद आजाद मोहम्मद जावेद मोहम्मद नसरुद्दीन मोहम्मद समीर मोहम्मद परवेज मोहम्मद शमशेर मोहम्मद सनाउल्लाह मोहम्मद जाकिर मोहम्मद मंजर मोहम्मद जहीर मोहम्मद शाहिदमो अकवाल मो आलम मो इस्राफील मो नाजीर सहित सैकड़ों की संख्या में मुस्लमान समुदाय की वृद्ध, युवाओं ने भाग लिया। प्रशासन गाइडलाइन अनुसार सभी स्थानों पर पुलिस मजिस्ट्रेट विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर हर स्थानो पर मुस्तैद दिखे।

# लिवर फंक्शन की होगी जांच : सिविल सर्जन

**संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब स्थानीय लोगों को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा जिसे लेकर रविवार को साहिबगंज सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीण कुमार संथालिया व बरहरवा बीडीओ सनी कुमार दास के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अत्यधुनिक जांच मशीन का शुभारंभ फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया है।इतना ही नहीं मौके पर मौजूद बीडीओ सनी कुमार दास ने सीबीसी का जांच भी कराए हैं।इस दौरान मौके पर मौजूद सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीण कुमार संथालिया ने बताया कि जहां स्थानीय लोगों को विभिन्न रक्त जांच के लिए मालदा, भागलपुर वह अन्य स्थान जाना पड़ता था।वही गरीब तो पैसे के अभाव में जांच नहीं करवा पाए थे।वैसे लोगों का जांच अब बरहरवा सीएचसी में किया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट,लिपिड प्रोफाइल टेस्ट,कंपलीट ब्लड काउंट,हार्ड से संबंधित केसीएमबी जांच किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड धारकों को यह जांच पूरी तरह निशुल्क किया जाएगा,जबकि अन्य के लिए अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में तय किए गए न्यूनतम राशि लगेंगे!मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पंकज कर्मकार,कल्याण स्मृति संस्थान के राजीव रंजन, बीपीएम दिनेश कुमार, बैम दिनेश कुमार, लिपिक प्रताप कुमार,देवव्रत कुमार, लैब टेक्नीशियन रंजीत हालदार, मुकेश कुमार, एएनएम सुनीता कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# सुदर्शन मुंडा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के मदनशाही सोती चौकी निवासी सुदर्शन मुंडा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।जिरवाबाडी पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।मामा लुलु मुंडा ने बताया कि सुदर्शन शराब का सेवन करता था।बीती रात्रि शराब के नशे में धुत होकर घर आया देर रात्रि अपने रूम में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया इस घटना की जानकारी किसी को नहीं मिल। सुबह में जब हुआ रूम नहीं खोला तो घर के लोग दरवाजा खटखटा आए लेकिन वह नहीं खोला खिड़की से झांक कर देखा तो फांसी का फंदा में लटका हुआ था।

# मेला क्षेत्र में सेवाभाव से देवतुल्य श्रद्धालुओं का करें हर संभव सहयोग : डीडीसी

**संवाददाता**

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की तैयारियों के मद्देनजर सूचना भवन सभागार में सभी नव-चयनित सूचना सह सहायता कर्मियों को ब्रीफ कर उन्हें कार्य आवांटित किया गया। इसके अलावा ब्रीफिंग के दौरान उप विकास आयुक्त ने पीयूष सिन्हा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी सूचना सह सहायता कर्मियों का कार्य सिर्फ बिछड़े हुए कांवरिया बंधुओं को उनके परिजन से मिलाना हीं नहीं है, बल्कि पूरे सेवाभाव व कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। इसके लिए आप सभी अब जिला प्रशासन द्वारा नई तकनीकों के उपयोग का सहारा भी ले सकते हैं और बम भाईयों के पता को ढूंढ कर उनके परिवार से उनका संपर्क करवा सकते हैं। आगे उन्होंने कहा कि इस वर्ष हमारे देवघर के सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में फैले हुए सूचना सह सहायता केंद्रों को हीं सिर्फ आपस में नहीं जोड़ा जाएगा, बल्कि सूचना तंत्र को तकनीकी रूप से और भी बेहतर बनाने का प्रयास किया गया है, ताकि बिछड़े हुए कांवरिया बंधुओं को उनके परिजन से मिलाने में सहूलियत हो सके।



इसके अलावा जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती ने जानकारी दी कि राजकीय श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में 31 सूचना सह सहायता केन्द्र, 03 बाइक दस्ता की टीम एवं 02 टोटो चौबिसों घंटे कार्यरत रहेंगे, ताकि किसी भी स्थिति में श्रद्धालुओं को त्वरित सविधा मुहैया करायी जा सके। इसके अलावा मेला के दौरान बाबा नगरी आने वाले महिला श्रद्धालुओं के साथ बच्चों के सुविधा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 10 मातृत्व विश्राम गृह का निर्माण कराया गया है। साथ ही मातृत्व विश्राम गृह में सैनिटरी पैड, बच्चों के डायपर, बिस्कीट, दूध उपलब्ध कराया जाएगा एवं महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति भी इन केन्द्रों पर की जायेगी।ब्रिफिंग के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्याथी, डीएमएफटी की टीम संबंधित विभाग के कर्मी आदि उपस्थित थे।



# अनुपम खेर की फिल्म तन्वी द ग्रेट को मिला स्टैंडिंग ओवेशन

**बॉलीवुड** के जानेमाने अभिनेता और फिल्मकार अनुपम खेर की आने वाली फिल्म तन्वी द ग्रेट को स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान नेशनल डिफेंस अकादमी में स्टैंडिंग ओवेशन मिला है। अनुपम खेर ने फिल्म तन्वी द ग्रेट का निर्देशन करने के अलावा इसमें अभिनय भी किया है। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है।उन्होंने कैप्शन में लिखा, नेशनल डिफेंस अकादमी में तन्वी द ग्रेट के लिए खड़े होकर तालियां बजाई गईं। एक अभिनेता और मनोरंजनकर्ता के रूप में मेरे 40 साल के करियर में यह मेरे जीवन का सबसे यादगार पल है।

अनुपम खेर ने लिखा, भारत में तन्वी द ग्रेट की पहली स्क्रीनिंग नेशनल डिफेंस एकेडमी खड़कवासला में थी, एक ऐसी जगह जहां युवा कैडेट्स को हमारे सशस्त्र सेवा अधिकारी बनने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। एकेडमी के कमांडेंट वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह ने कैडेट्स से फिल्म के बारे में अपनी राय स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने को कहा, तो एनडीए के हबीबुल्लाह ऑडिटोरियम में मौजूद सभी लोग तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खड़े हो गए। यह मेरे लिए एक बहुत ही भावुक और कभी न भूल पाने वाला पल था।

अनुपम खेर ने लिखा,, मैंने और टीम ने फिल्म बनाने में कई कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन इस पल ने सारी मेहनत को सार्थक कर दिया। भले ही फिल्म का भविष्य अनिश्चित हो, लेकिन 2500 से अधिक कैडेट्स और अधिकारियों का उत्साह और समर्थन ब्लॉकबस्टर अनुभव रहा। सभी लोगों के प्रति आभार।

फिल्म तन्वी द ग्रेट में शुभांगी दत्त मुख्य भूमिका में हैं, जबकि जैकी श्रॉफ, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी, करण टैकर और इयान ग्लेन जैसे कलाकार अहम भूमिकाएं निभा रहे हैं। निर्देशन और कहानी अनुपम खेर की है। इस फिल्म का निर्माण अनुपम खेर स्टूडियोज ने एनएफडीसी (राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम) के साथ मिलकर किया है। यह फिल्म 18 जुलाई को रिलीज होगी।

# जींस टॉप में रिया चक्रवर्ती का स्टाइलिश लुक, चेहरे पर काला चश्मा लगा कैमरे के सामने दिखाया स्वैग



**रिया चक्रवर्ती** हमेशा से ही अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में रही हैं। हाल के दिनों में वह कुछ पब्लिक इवेंट्स और अवॉर्ड शोज में नजर आई हैं, जहां उनके फैशन सेंस की जमकर तारीफ हुई। रिया भले ही फिल्मों में कम नजर आ रही हों, लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी मौजूदगी मजबूत बनी हुई है। वो अक्सर खुद से जुड़े अपडेट फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही में रिया ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक की तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा हैं।

**वर्कफ्रंट की बात करें तो रिया चक्रवर्ती ने 'सोनाली केबल', 'बैंक चोर', 'हाफ गर्लफ्रेंड', 'दोबाराः सी योर ईविल' और 'जलेबी' जैसी कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं।**

लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में रिया चक्रवर्ती ब्लैक क्रॉप टॉप के साथ ब्लू जींस में काफी स्टाइलिश नजर आ रही हैं।

इन तस्वीरों में जहां रिया का ग्लैमरस लुक देखने को मिल रहा है, वहीं वह अपने स्टाइलिश अंदाज से फैंस का दिल जीत रही हैं। फैंस रिया की इन तस्वीरों पर कमेंट कर उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रिया चक्रवर्ती ने 'सोनाली केबल', 'बैंक चोर', 'हाफ गर्लफ्रेंड', 'दोबाराः सी योर ईविल' और 'जलेबी' जैसी कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। साल 2024 में रिया ने फिल्मों के अलावा नए प्रोजेक्ट्स में भी किस्मत आजमाई। उन्होंने एक पॉडकास्ट शुरू किया और अपना खुद का फैशन ब्रांड 'चैप्टर 2' लॉन्च किया।

# पीवीआर आइओनेक्स सीईओ कमल जियानचंदानी ने कहा, बॉक्स ऑफिस के बाप हैं आमिर खान






**सितारे** जमीन पर साल 2007 की ब्लॉकबस्टर तारे जमीन पर की स्पिरिचुअल सीक्वल है जो पूरे देश में लोगों के दिलों को छू रही है। फिल्म ने न सिर्फ इमोशंस को जगाया है, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी जबरदस्त कमाई करते हुए तारीफें बटोरी हैं।

यह फिल्म आमिर खान के फिल्मों के प्रति प्यार को दिखाती है। उन्होंने सोच-समझकर इसे सिर्फ सिनेमाघरों में रिलीज करने का फैसला किया और किसी भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर नहीं डाला। आमिर का यह कदम थिएटर मालिकों के लिए फायदेमंद साबित हुआ। इसी वजह से थिएटर वालों ने एक खास इवेंट करके आमिर खान को धन्यवाद कहा, बड़े पर्दे पर विश्वास बनाए रखने और लोगों को फिर से थिएटर लाने के लिए।

आमिर खान के थियेटर में सितारे जमीन पर रिलीज करने पर आभार जताते हुए पीवीआरआइओनेक्स के सीईओ कमल जियानचंदानी ने कहाः ह्लआमिर सर ने एक बार फिर ये साबित कर दिया कि वो बॉक्स ऑफिस के बाप हैं। सितारे जमीन पर के जरिए उन्होंने न सिर्फ एक दमदार और दिल छू लेने वाली फिल्म दी, बल्कि थियेटर में फिल्में रिलीज करने के अपने भरोसे को भी दोहराया। देशभर से सिनेमाघरों से जुड़े लोग एकजुट होकर उनके इस विश्वास को सलाम करने पहुंचे और उनसे यही गुजारिश की कि वो बार-बार बड़े पर्दे पर वापस आएं।

आमिर खान प्रोडक्शंस गर्व के साथ पेश करता है 10 राइजिंग सितारे अरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहानी, ऋषभजैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर।

# ऋषभ शेट्टी के जन्मदिन पर रिलीज हुआ फिल्म कांताराः चैप्टर 1 का पोस्टर




**दक्षिण** भारतीय फिल्म स्टार ऋषभ शेट्टी के जन्मदिन पर होम्बले फिल्म्स की फिल्म कांताराः चैप्टर 1 का दमदार पोस्टर रिलीज किया गया है। फिल्म कंतारा के 2022 में रिलीज के साथ ही भारतीय सिनेमा में एक नया मोड़ देखने को मिला। यह फिल्म साल की सबसे बड़ी स्लीपर हिट बनकर उभरी और सफलता के नए बेंचमार्क सेट करते हुए बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी। अब जब कांताराः चैप्टर 1 की घोषणा हो चुकी है, जो इस ब्लॉकबस्टर का प्रीक्वल है। यह फिल्म इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक बन चुकी है।

ऋषभ शेट्टी के अब तक न देखे गए दमदार अवतार वाले पोस्टर ने पहले ही दर्शकों के बीच जोरदार चर्चा छेड़ दी थी। अब मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी करते हुए शूटिंग पूरी होने की घोषणा कर दी है। ऋषभ शेट्टी के जन्मदिन पर मेकर्स ने एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसने फैंस की उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है। होम्बले फिल्म्स 2022 की इस मास्टरपीस फिल्म की विरासत को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

कांताराः चैप्टर 1 के लिए मेकर्स ने एक जबरदस्त वॉर सीक्वेंस तैयार किया है, जिसमें देश और विदेश के विशेषज्ञों की मदद ली गई है। इस सीन के लिए 500 से ज्यादा ट्रेन्ड फाइटर्स और करीब 3000 लोगों को शामिल किया गया है। इसे पहाड़ी इलाकों में फैले 25 एकड़ के पूरे कस्बे में लगभग 45 से 50 दिनों तक शूट किया गया है। यह भारतीय सिनेमा के इतिहास के सबसे बड़े सीन में से एक माना जा रहा है। कांताराः चैप्टर 1, 02 अक्टूबर 2025 को रिलीज होने वाली है।



## वर्ल्ड बॉक्सिंग कपः साक्षी ने विश्व मुक्केबाजी कप में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्लीः** भारत की मुक्केबाज साक्षी ने दूसरे विश्व मुक्केबाजी कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के 54 किग्रा. वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने रविवार को फाइनल में आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और अमरीका की योसलाइन पेरेज को सर्वसम्मत फैसले में हराया। इस तरह साक्षी ने इस टूनामेंट को भारत को पहला स्वर्ण दिलाया। भारतीय दल ने विश्व मुक्केबाजी कप में अच्छा प्रदर्शन किया है और कुल 11 पदक पक्के किए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे।

पहले सत्र में चार भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ने गति और सटीक पंच के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में स्थानीय दावेदार नाजिम काइजाइबे को कड़ी चुनौती दी लेकिन 2-3 के खंडित फैसले से हार गईं। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) को भी अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## नोवाक जोकोविच का विंबलडन ओपन में शानदार शतक



**एजेंसी/ लंदनः** विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर नोवाक जोकोविच ने अपने करियर की 100वीं विंबलडन सिंगल्स जीत दर्ज की। उन्होंने सर्बिया के ही मियोमिर केकमानोविच पर 6-3,6-0, 6-4 से जीत दर्ज की। वहीं स्टेडियम में मौजूद उनकी 7 साल की बेटी तारा जोकोविच ने डांस करके सभी का दिल जीत लिया।

मैच के बाद जब जोकोविच ऑन-कोर्ट इंटरव्यू दे रहे थे, तो उनसे इस डांस के बारे में पूछा गया। इस पर जोकोविच ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ये डांस मेरी बेटी तारा और बेटे के साथ हमारी एक फैमिली ट्रेडिशन बन चुका है। इस गाने का नाम है पंप इट अप ।

सिनर राउंड ऑफ 16 में पहुंचेः टेनिस के वर्ल्ड नंबर-वन जैनिक सिनर ने विंबलडन के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। उन्होंने तीसरे राउंड के मुकाबले में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को सीधे सेट में हरा दिया। दूसरी ओर विमेंस सिंगल्स में भी नंबर-1 एरिना सबालेंका ने अपना मैच जीतकर अगले राउंड में जगह बना ली।

# इंग्लैंड दौरे के दौरान एक बार फिर सुर्खियों में आए यशस्वी जायसवाल, सबसे बड़े फैन से मिले

**एजेंसी/एजबेस्टनः** इंग्लैंड दौरे के दौरान यशस्वी जायसवाल एक बार फिर सुर्खियों में आए हैं। उन्होंने कुछ ऐसा किया है, जिसकी पूरी दुनिया तारीफ कर रही है। उन्होंने एक दिव्यांग फैन रवि को तोहफे में बल्ला दिया है। यशस्वी के इस मार्मिक कदम ने सभी फैंस का दिल जीत लिया। 12 साल के रवि दृष्टिबाधित हैं और खुद को यशस्वी के सबसे बड़े फैन मानते हैं। यशस्वी ने उन्हें एक ऑटोग्राफ वाला बल्ला



उपहार में दिया है।

रवि यशस्वी से मिलने का सपना संजोए हुए थे और उनके जबड़ा फैन हैं। इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट में वह भारतीय टीम को देखने पहुंचे थे और यशस्वी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। उन्हें उम्मीद थी कि यशस्वी उनसे आकर मिलेंगे। हालांकि, यह सपना लीड्स की जगह एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में पूरा हुआ। यशस्वी ने शनिवार को दूसरे टेस्ट के चौथे दिन रवि से मुलाकात की।



## कपिल शर्मा ने कनाडा में खोला कैफे, पिंक थीम पर आधारित कैफे देख हो जाएगा जाने का मन

**मशहूर** कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा अब सिर्फ हँसी के सरताज नहीं रहे, बल्कि उन्होंने अपना बिजनेस एक्सपेंशन करते हुए फूड इंडस्ट्री में भी कदम रख दिया है। सिर्फ देश में ही नहीं बल्कि अब वो विदेश में अन्य फील्ड में कमाई करेंगे। हाल ही में कपिल शर्मा ने कनाडा में अपना खुद का कैफे लॉन्च किया है, जो अपने खास इंटीरियर और यूनिक थीम को लेकर सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियाँ बटोर रहा है।

**कपिल शर्मा का पिंक थीम कैफे :** कपिल शर्मा के इस नए कैफे का सबसे बड़ा आकर्षण है उसका पिंक कलर इंटीरियर। कैफे की दीवारों से लेकर फर्नीचर, कटलरी और डेकोरेशन तक–हर चीज गुलाबी रंग में रंगी है। यह कैफे न सिर्फ विजुअली आकर्षक है, बल्कि इसका माहौल भी बहुत सुकूनदायक और मॉडर्न फील देता है।

इस कैफे की झलक कपिल की पत्नी गिन्नी चतरथ ने सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसके बाद से यह कैफे इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन गया। फैंस को कपिल का यह नया अंदाज बेहद पसंद आ रहा है। मनोरंजन की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के बाद अब कपिल का यह नया बिजनेस वेंचर भी खासा चर्चित हो रहा है।

नालंदा में डबल मर्डर से हड़कंप

# बच्चों के झगड़े से शुरू हुए विवाद में चली गोली, युवक-युवती की मौत



**नालंदा:** जिले में डबल मर्डर से हड़कंप मच गया है। दीपनगर थाना क्षेत्र के डुमरावां गांव में 22 साल की लड़की और 24 साल के लड़के की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बच्चों के झगड़े में शुरू हुए विवाद के बाद लड़के और लड़की के सिर में गोली मारकर हत्या की गई है। रविवार की रात इस घटना को अंजाम दिया गया है। हालांकि, इस पूरे मामले को पुलिस संपत्ति विवाद बता रही है और कह रही है कि आरोपियों की पहचान हो गई है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

डुमरावां गांव में बच्चों के मामूली विवाद में फायरिंग हो गई जिसमें अन्नू कुमारी (22) और हिमांशु कुमार (24) की मौत हो गई। बच्चों के बीच शुरू हुई कहासुनी में बड़े भी शामिल हो गए और बात गोलीबारी तक पहुंच गई। दोनों को सिर में गोली लगी। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।जानकारी के अनुसार, पहले बच्चों के बीच कहासुनी हुई और फिर विवाद में बड़े लोग भी कूद पड़े। बात इतनी बढ़ गई कि गुस्से में गोलीबारी शुरू हो गई। दोनों को गोली सिर में लगी।

मृतका के परिजन रंजन कुमार ने बताया कि गांव में अखंड कीर्तन हो रहा था। जहां बच्चों का दूसरे टोला के बच्चों से विवाद हो गया, जिससे आक्रोशित हो दूसरे टोले के लोग उनके टोले में आकर गोलीबारी करने लगे। युवती घर के पास खाना खा रही थी। बदमाशों ने निशाना साध युवती के सिर में गोली मार दी। इसी तरह किशोर भी अपने घर के पास था। बदमाशों ने सिर में गोली मारकर उसकी भी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम दे बदमाश फरार हो गए। ग्रामीण अंधाधुंध फायरिंग से दहल उठे। घटना के बाद ग्रामीणों ने घायल युवकों को आनन-फानन में सदर अस्पताल बिहारशरीफ पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इधर आक्रोशित स्वजन व ग्रामीणों ने अस्पताल के मुख्य गेट पर जमकर हंगामा किया और गेट जाम कर दिया।

स्वजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे और शवों को सीधे घर ले जाने की मांग पर अड़े रहे। सूचना मिलते ही बिहार थाना अध्यक्ष सम्राट दीपक मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने अस्पताल के गेट से शव जबरन खींचकर घर की ओर ले जाना शुरू कर दिया।



## अब इंजीनियर की हत्या, पत्नी और बेटे के सामने चाकू से गोदा

**पटना:** बिहार में इन दिनों अपराधिक घटनाओं में काफी बढ़ोतरी हो गई है। पटना और नालंदा के बाद अब मुजफ्फरपुर में इंजीनियर की हत्या अपराधियों ने कर दी है। मुजफ्फरपुर जिले में काजी मोहम्मदपुर थाने के माड़ीपुर में खिड़की से घर में घुसे अपराधियों ने लूट के दौरान चाकू गोदकर कनीय अभियंता मो मुमताज की हत्या कर दी। वह वैशाली के भगवानपुर प्रखंड में पोस्टेड थे।

कनीय अभियंता मो मुमताज मूल रूप से वैशाली के देढूआ गांव के निवासी थे। माड़ीपुर में पत्नी और दो बच्चों के साथ रहते थे। फर्स्ट फ्लोर पर उनका आवास था। जमीन लेकर अपना घर बनाया था। मुहर्रम की छुट्टी के कारण रविवार को मुमताज दिन भर घर पर ही थे। सोमवार की सुबह करीब साढ़े तीन बजे अपराधी घर बालकनी के दरवाजे से अंदर कमरे में आया। बेड पर ही उन्हें चाकू मारा गया। अपराधियों से पहले उठा पटक हुई है। कमरे में चारों तरफ खून बिखड़ा पड़ा है। पत्नी और बच्चे भी उसी कमरे में थे। उनके सामने अपराधियों ने जेई की हत्या की। सूचना मिलने पर सिटी एसपी कोटा किरण कुमार, डीएसपी सीमा देवी और थानेदार जय प्रकाश दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पत्नी और बच्चों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। मौके पर छानबीन की जा रही है। एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया है। परिवार के लोग लूट के दौरान अपराधियों के द्वारा चाकू मारकर हत्या की बात बता रहे है। सिटी एसपी ने बताया कि छानबीन की जा रही है। हत्या की बजह का पता लगाया जा रहा है।

ट्रंप ने भारत को दी धमकी !

# ब्रिक्स में डॉलर के बिना हुआ ट्रेड तो लगेगा 10 % एक्स्ट्रा टैरिफ




**रियो:** ब्राजील में ब्रिक्स सम्मेलन चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं और इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी धमकी दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में चेतावनी दी है कि जो भी देश ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों का समर्थन करेगा, उस पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क (टैरिफ) लगाया जाएगा।

ट्रंप ने इससे पहले ब्रिक्स देशों को 100 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दी थी, यदि वे वैश्विक व्यापार में डॉलर के इस्तेमाल को कम करने की दिशा में सोचने मात्र की भी हिम्मत करते हैं। माना जा रहा है कि ब्रिक्स आपस में कारोबार के लिए डॉलर की निर्भरता को कम करना चाहते हैं । इस पर अमेरिका को ऐतराज है । ब्रिक्स देशों की यह कोशिश कोई नई नहीं है। जब से अमेरिका ने ईरान (2012) और रूस (2022) को अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग नेटवर्क स्विफ्ट (स्विफ्ट) से बाहर कर दिया, तब से कई देश अमेरिका और डॉलर आधारित वैश्विक वित्तीय व्यवस्था पर निर्भरता कम करने की ओर बढ़े हैं। विशेष रूप से रूस और चीन ने आपसी व्यापार में अपनी घरेलू मुद्राओं का उपयोग करना शुरू कर दिया है।

**कितना ताकतर है ब्रिक्स**

**-दुनिया की 45% आबादी ब्रिक्स देशों में है।**

**- यह गठबंधन वैश्विक जीडीपी में 35% से अधिक का योगदान देता है।**

**-अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में आयोजित शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स ने मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात को सदस्यता दी।**

जनवरी 2025 में इंडोनेशिया के जुड़ने के साथ ब्रिक्स की कुल सदस्य संख्या 10 हो गई।

**ब्रिक्स में भारत की ताकत:** भारत ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य रहा है और पिछले कुछ वर्षों में इस मंच के माध्यम से बहुपक्षीय व्यापार और विकास के लिए लगातार समर्थन करता रहा है। हालांकि, अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी बनाए रखने के चलते भारत को अब संतुलन साधने की चुनौती है।

## फार्मा कंपनी में निवेश के नाम पर 1.85 करोड़ की ठगी, आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार



**नैनीताल:** उत्तराखंड की अल्मोड़ा पुलिस ने फार्मा कंपनी में निवेश के नाम पर 1.85 करोड़ की ठगी करने वाले आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर रविवार को अल्मोड़ा लाया गया। अल्मोड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने आज इस मामले का खुलासा करते हुए कहा कि आरोपी विपिन चमोली निवासी जुगड़गांव, टिहरी गढ़वाल कि निवासी है और उसे दक्षिण पुरी, अंबेडकर नगर, दक्षिण दिल्ली में फार्मा कंपनी में निवेश के नाम पर आठ लोगों से लगभग 1.85 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है।

उन्होंने बताया कि इस मामले का खुलासा तब हुआ जब आरोपी के खिलाफ पिछले वर्ष 27 अक्टूबर को भतरौजखान निवासी पंकज प्रकाश द्वारा तहरीर दी गई जिसमें आरोप लगाया गया कि आरोपी ने उससे निवेश के नाम पर 88 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। पुलिस ने भतरौजखान थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस बीच पुलिस को पता चला कि आरोपी ने आठ लोगों से 1.85 करोड़ की धोखाधड़ी की है।

आरोपी को पकड़ने के लिए भतरौजखान थाना निरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी गई। आरोपी पुलिस टीम से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदलता रहा। आखिरकार आरोपी को सर्विलांस सेल की सहायता से शनिवार रात को दक्षिणी दिल्ली के लाजपत नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया।

## स्पाइसजेट विमान का हवा में उखड़ा विंडो फ्रेम, कंपनी का दावा यात्रियों की सुरक्षा कभी भी खतरे में नहीं आई

**नई दिल्ली :** स्पाइसजेट के क्यू400 विमान में उड़ान के दौरान एक घटना घटी, जब एक कॉस्मेटिक विंडो फ्रेम ढीला हो गया और उखड़ भी गया। इसके बाद स्पाइसजेट की तरफ से औपचारिक बयान सामने आया है। बयान में बताया गया है कि यह फ्रेम एक गैर-संरचनात्मक घटक था, जिसका उद्देश्य खिड़की पर छांव प्रदान करना था, और इसका विमान की सुरक्षा या संरचना पर कोई असर नहीं पड़ा। फ्लाइट के दौरान केबिन का प्रेशर सामान्य रहा और यात्रियों की सुरक्षा कभी भी खतरे में नहीं आई। बता दें, क्यू400 विमान में कई सुरक्षात्मक विंडो पैनल होते हैं, जिनमें से बाहरी पैनल का कार्य दबाव सहन करना होता है। यह सुनिश्चित करता है कि विमान के किसी भी कॉस्मेटिक या सतही घटक के ढीले होने पर भी यात्रियों की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ता। इस घटक का ढीला होना सिर्फ एक मामूली समस्या थी, जो विमान की संरचना और उड़ान की सुरक्षा को प्रभावित नहीं करती।

यह घटना सामने आने के बाद, स्पाइसजेट की तकनीकी टीम ने विमान को सही तरीके से जांचा और विमान के अगले स्टेशन पर उतरते ही इस विंडो फ्रेम की मरम्मत की गई। यह मरम्मत सामान्य रखरखाव प्रक्रिया का हिस्सा थी, और विमान के संचालन में कोई रुकावट नहीं आई।

स्पाइसजेट ने इस घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दावा किया कि विमान की सामान्य उड़ान स्थिति और यात्रियों की सुरक्षा पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। एयरलाइन ने यह भी स्पष्ट किया कि यह घटक सिर्फ एक कॉस्मेटिक हिस्सा था, जिसका उद्देश्य सिर्फ खिड़की की सुंदरता बढ़ाना था और विमान की सुरक्षा प्रणाली में कोई भूमिका नहीं थी।

# ऑपरेशन सिंदूर में राफेल विमानों पर चीन ने फैलाई अफवाह

फ्रांस ने खोली ड्रैगन की पोल, बिक्री प्रभावित करने के लिए चली नापाक चाल



**एजेंसी/पेरिस:** ऑपरेशन सिंदूर के समय पाकिस्तान ने भारत के राफेल समेत छह विमानों को गिराए जाने का दावा किया, जिसे भारतीय सेना ने सिरे से खारिज कर दिया। इसके बाद कई देशों में राफेल विमानों को लेकर सवाल खड़े होने लगे। अब फ्रांस की ओर से पूरा सच सामने आ गया है। दरअसल, फ्रांस के सैन्य और खुफिया अधिकारियों ने खुलासा किया है कि चीन ने बिक्री को कमजोर करने और फ्रांसीसी प्रमुख लड़ाकू विमान की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए अपने दूतावासों का इस्तेमाल किया। चीनी विदेशी दूतावासों में रक्षा अताशे राफेल की बिक्री को कमजोर करने के अभियान का नेतृत्व कर रहे थे, जिसका उद्देश्य देशों को फ्रांसीसी लड़ाकू विमान न खरीदने और इसके बजाय चीनी निर्मित जेट विमानों को चुनने के लिए राजी करना था। यह जानकारी फ्रांसीसी खुफिया सेवा के निष्कर्षों का हवाला देते हुए दी है। बता दें कि फ्रांस अब अपने राफेल फाइटर जेट के खिलाफ अफवाह फैलाए जाने के अभियान से लड़ रहा है।

# टाटा हैरियर ईवी का प्रोडक्शन शुरू, से होगी डिलीवरी




**मुंबई:** भारत में इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र की अग्रणी विनिर्माता टाटा मोटर्स ने शनिवार को कहा कि उसने अपने नए स्मार्ट एसयूवी हैरियर.ईवी का उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी ने बताया कि यह वाहन टाटा मोटर्स के अत्याधुनिक पुणे प्लांट की उत्पादन लाइन से निकलना शुरू हो गया है और इसे डीलरों तक पहुंचाने की तैयारी है। कंपनी ने कहा है कि इस हैरियर ईवी की बुकिंग की रफ्तार तेज है और बाजार में इसको लेकर जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। कंपनी ग्राहकों को इसकी डिलीवरी इसी माह शुरू कर देगी। हैरियर.ईवी दो ड्राइव कॉनफिगरेशन झ्र क्वाड व्हील ड्राइव (क्यूडब्ल्यूडी) और रियर व्हील ड्राइव (आरडब्ल्यूडी) के साथ चार रंगों नैनीताल नॉकटर्न, एम्पावर्ड ऑक्साइड, प्रिस्टिन व्हाइट और प्योर ग्रे में उपलब्ध होगी। इसके अलावा इसमें स्टील्थ एडिशन भी शामिल है।

बैंक ऑफ बड़ौदा का बड़ा ऐलान

## सभी मानक बचत खातों में न्यूनतम शेष राशि न रखने पर लगने वाला शुल्क किया माफ




**मुंबई:** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) ने महत्वपूर्ण ग्राहक-हितैषी पहल करते हुए सभी मानक बचत खातों में न्यूनतम शेष राशि न रखने पर लगने वाले शुल्क को माफ कर दिया है। बैंक ने रविवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि यह निर्णय पहली जुलाई से लागू माना जाएगा। बैंक ने कहा है कि इस पहल से ग्राहकों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है। इसके साथ ही, ग्राहकों को अपने बचत खातों में मासिक औसत शेष राशि में किसी भी कमी के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। यह छूट प्रीमियम बचत खाता योजनाओं पर लागू नहीं है।

बैंक ऑफ बड़ौदा की कार्यकारी निदेशक बीना वहीद ने कहा, ह्लन्यूनतम शेष राशि पर लगने वाले शुल्क को हटाना बैंक ऑफ बड़ौदा की हमारे ग्राहकों के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे बैंकिंग सभी के लिए और अधिक सुलभ हो जाएगी। यह हमारे ग्राहकों को समावेशी, मूल्य-संचालित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के हमारे प्रयासों को और मजबूत करता है।

महाराष्ट्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी!

# रायगढ़ तट पर दिखा संदिग्ध नाव , दूसरे देश के होने का संदेश, पुलिस बल तैनात



**नई दिल्ली:** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को रेवदंडा तट के पास एक संदिग्ध नाव को देखने के बाद तटीय निगरानी बढ़ा दी, जिसके बाद नौसेना और तटरक्षक बल सहित कई एजेंसियों ने तत्काल कार्रवाई की। सुरक्षा कर्मियों ने रेवदंडा में कोरलाई तट से लगभग दो समुद्री मील की दूरी पर नाव का पता लगाया। शुरूआती निरीक्षणों से पता चलता है कि नाव पर विदेशी चिह्न हो सकते हैं और यह रायगढ़ तट की ओर बहकर आ सकती है।

नाव को सुरक्षाकर्मियों ने रेवदंडा में कोरलाई तट से करीब दो समुद्री मील दूर देखा। देह है कि नाव पर पाकिस्तानी चिह्न थे और कुछ लोग नाव से उतरे , जो शायद तट पर बह गई होगी। एक अधिकारी ने बताया कि नाव को सुरक्षाकर्मियों ने रेवदंडा में कोरलाई तट से करीब दो समुद्री मील दूर देखा। न्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि नाव पर किसी दूसरे देश के चिह्न हैं और शायद वह बहकर रायगढ़ तट पर आ गई होगी।

अलर्ट के बाद रायगढ़ पुलिस, बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीडीएस), क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी), नौसेना और तटरक्षक बल की टीमें मौके पर पहुंचीं। अधिकारी ने बताया कि रायगढ़ की पुलिस अधीक्षक आंचल दलाल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ स्थिति पर नजर रखने के लिए तट पर पहुंचीं। भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण नाव तक पहुंचने के प्रयासों में बाधा आई। अधिकारी ने बताया कि दलाल ने खुद एक बजरे का उपयोग करके नाव तक पहुंचने का प्रयास किया, लेकिन खराब मौसम के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। उन्होंने बताया कि इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और एहतियात के तौर पर जिले में समग्र सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### ग्रामीणों की आय का साधन बढ़ेगा और पलायन पर भी अंकुश लगेगा : विधायक



**ठेठईटांगर :** प्रखंड अंतर्गत जोराम लैंपस में विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के प्रयास से किसानों के बीच लाह कीट एवं लाह टूल्स कीट बांटने की कवायद शुरू कर दी गई है। किसानों के बीच पांच-पांच लाह कीट का वितरण किया। विधायक ने कहा कि इससे आठ गुणा लाह उत्पादन की उम्मीद है। बताया गया कि किसानों को सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के विभागीय योजना अन्तर्गत किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से लाह उत्पादन का प्रशिक्षण भी दिया गया है। आगे विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि सिमडेगा जिले की जलवायु लाह की खेती के अनुकूल है। दशकों पूर्व यह क्षेत्र लाह के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध था। सिमडेगा में होने वाली लाह विश्व में सर्वोच्च कोटि की मानी जाती रही है। अमेरिका, जर्मनी, जापान, रशिया यूरोपीय देशों समेत विश्व के कई देशों में यहां की लाह निर्यात की जाती रही है। अभी भी कई देशों में यहां से लाह का निर्यात किया जाता है। हमारी सरकार के तरफ से किसानों के बीच लह का वितरण किया जा रहा है ताकि जिले में ग्रामीणों की आय का साधन बढ़ेगा और पलायन पर भी अंकुश लगेगा। झारखंड देश का सबसे बड़ा लाह उत्पादक राज्य है झारखंड की जलवायु, भौगोलिक स्थिति और यहां के जंगलों में मौजूद बेर, कुसुम और पलाश के पेड़ झारखंड को लाह की खेती के लिए सबसे उपयुक्त जगह बनाते हैं। हमारी सरकार के प्रयासों से कई स्थानों पर लाह की प्रोसेसिंग यूनिट भी लगाई गई है। मौके पर मौजूद जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सह प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर खान, अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद वाहिद, पॉवल बागे, जोसेफ कांडुलना सुशील मिंज, आदि मौजूद थे।

### मधुसूदन पब्लिक स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**ज्योति पाठक :** शिक्षा अनुशासन एवं बेहतर परीक्षा फल परिणाम लाने के लिए पूरे झारखंड में पहचाने जाने वाला मधुसूदन पब्लिक स्कूलके प्रांगण में वर्ष 2025 के मैट्रिक व इंटर में अव्वल आने वालेतथा मेधावी छात्रों को आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया इस क्रम में अव्वल आने वाले छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकोंको भी बधाई और शुभकामना दी गई जो निश्चित तौर पर यह एक अनुकरणीय कार्य हैं इस कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित समारोह में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीआरपीएफ 60 बटालियन के कमांडेंट अंबुज मुथल के द्वारा दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात विद्यालय के निदेशक बलराज हिंदवारके द्वारा स्कूल के संदर्भ में व्यापक रूप से विवरणी और सफल छात्रों का पूर्ण रूपेण विवरण प्रस्तुत किए गए तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य एन नागराजू के द्वारा भी इस विद्यालय के प्रगति रिपोर्ट के साथ-साथ प्रतिवर्ष छात्रों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम फल लाने की भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई इसी क्रम में वर्ष 2025 के मैट्रिक इंटर के परीक्षा में अव्वल आने वाले छात्रों के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई जो सफलता की कहानी बयां करती है इस कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक श्याम सुंदर महतो लक्ष्मण महतो के अलावा काफी संख्या में अतिथि गण भी मुख्य रूप से उपस्थित है उन्होंने भी अवल छात्रों को सम्मानित कर इस विद्यालय के गौरव बढ़ाने पर बच्चों को अपनी शुभकामनाओं और बधाई भी दी कार्यक्रम के प्रारंभ के साथ ही अतिथियों का स्वागत किया गया तथा उनके सम्मान में स्वागत गीत भी प्रस्तुत किए गए स्कूली छात्रों के द्वारा मनमोहक कार्यक्रम को उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने में काफी सराहा विदित होकर शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर पठन पाठन तथा अनुशासन के लिए पूरे झारखंड राज्य में मधुसूदन पब्लिक स्कूल की गोरवपूण पहचान है और यह चक्रधरपुर ही नहीं बल्कि पूरे कोल्हान प्रमंडल व राज्य के लिए भी एक उपलब्धि और गौरव की बात है।

### श्वेता कुमारी एक भावुक पशु प्रेमी हैं



**रांची :** श्वेता कुमारी एक भावुक पशु प्रेमी हैं और आवारा कल्याण, शिक्षा और संक्रमणकालीन सहायता की संस्थापक ट्रस्टी हैं। उन्होंने अनगिनत बचाव अभियानों का नेतृत्व किया है, जिससे घायल और परित्यक्त जानवरों को जीवन का दूसरा मौका मिला है। उनकी गहरी करुणा और अथक प्रयास बेजुबानों के प्रति समर्पित हृदय को दशार्ते हैं। जिसके लिए उन्हें हेलो लाइफ की तरफ से विधायक दीपिका पांडे के द्वारा सम्मानित किया गया ।

# भैरवी नदी की तेज धारा में घंटों फंसा रहा बुजुर्ग, माता छिन्नमस्तिका के दर्शन करने पहुंचा था रजरप्पा

संवाददाता

**रामगढ़:** रामगढ़ के प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर, रजरप्पा में पास बहने वाली भैरवी नदी की तेज धारा में एक बुजुर्ग श्रद्धालु फंस गए। तेज धारा में किसी तरह बुजुर्ग ने नदी के बीच में स्थित चट्टान को पकड़कर खुद को संभाला। धारा में फंसने के बाद उन्होंने मदद के लिए गुहार लगाई। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रस्सी के सहारे बुजुर्ग को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।



हजारीबाग जिले से मां छिन्नमस्तिका देवी के दर्शन के लिए बुजुर्ग अपने परिजनों के साथ रजरप्पा पहुंचे थे। दर्शन से पहले वे स्नान करने के लिए भैरवी नदी में उतरे। बारिश के कारण नदी का बहाव बहुत तेज था, जिसकी चपेट में वे आ गए। नदी के बीच में पहुंचकर एक तैराक ने बुजुर्ग की कमर में रस्सी बांधी और सहारा देकर उन्हें सुरक्षित नदी के किनारे लाया।

बचाव कार्य में पुजारी और स्थानीय लोगों की भूमिका

बचाव कार्य में शामिल मंदिर के पुजारी पप्पू बाबा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नदी के बीच में चट्टान पर फंसा हुआ है। सूचना मिलते ही स्थानीय दुकानदार को रस्सी के सहारे बुजुर्ग तक भेजा गया। इसके बाद बुजुर्ग की कमर और हाथ में रस्सी बांधकर उन्हें नदी के किनारे सुरक्षित लाया गया। पुजारी ने बताया कि बुजुर्ग हजारीबाग के निवासी थे और काफी घबराए हुए थे।

प्रशासन की अपील

प्रशासन और मंदिर न्यास समिति लगातार श्रद्धालुओं से अपील करती रही है कि बरसात के मौसम में नदी में स्नान करने से बचें, क्योंकि नदी का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है, जिससे गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि सावधानी ही सुरक्षा की कुंजी है। स्थानीय लोगों, प्रशासन और पुजारी की सजगता से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

## देवघर के श्रावणी मेले में महाकुंभ जैसी तैयारियां

**देवघर:** श्रावणी मेले को लेकर जिला प्रशासन के साथ-साथ अन्य विभाग भी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसी क्रम में रेलवे ने देवघर जिले के जसीडीह रेलवे स्टेशन पर भव्य तैयारियां की हैं। जसीडीह स्टेशन, जो देश के सबसे व्यस्त स्टेशनों में से एक है, सामान्य दिनों में प्रतिदिन 190 ट्रेनों का परिचालन करता है। रेलवे विभाग सावन के महीने में इस स्टेशन से कई विशेष ट्रेनें संचालित करता है। पिछले साल सावन में 14 नई ट्रेनें शुरू की गई थीं, जबकि इस वर्ष रेलवे विभाग लगभग 10 नई ट्रेनों का परिचालन कर सकता है। आसनसोल रेलवे डिवीजन के अनुसार, सोमवार से रविवार तक कुल 500 ट्रेनों का आवागमन होगा। इसके अतिरिक्त, अन्य रेलवे डिवीजनों से 84 अतिरिक्त ट्रेनें विभिन्न राज्यों से होकर जसीडीह स्टेशन तक पहुंचेंगी।

# डॉ मुखर्जी का जीवन राष्ट्रीय एकता का अद्भुत संगम : पवन साहु



संवाददाता

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा की डॉ मुखर्जी का जीवन राष्ट्रीय एकता संस्कृत समर्पण शिक्षा और विकास के नवीन विचारों का एक अद्भुत संगम था बंगाल की रक्षा के लिए उनके संघर्ष और कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए हर भारतवासी उनका ऋणी है,डॉ मुखर्जी की विद्वता और ज्ञान संपदा का लोहा उनके राजनीतिक विरोधी भी मानते थे वह जानते थे कि उसे समय की सरकार जिन विचारों और नीतियों पर चल रही थी उस देश की समस्याओं का निराकरण संभव नहीं होगा इसलिए उन्होंने राष्ट्रहित में सत्ता सुख को त्याग कर लंबे संघर्ष का जटिल मार्ग चुना।

संगोष्ठी में बोलते हुए प्रदेश कार्य समिति सदस्य शशि भूषण भगत ने कहा की डॉ मुखर्जी के बलिदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता उनका बलिदान आजाद भारत का पहला राजनीतिक बलिदान है जो देश के लिए हुआ हम सभी को यह भी याद रखने की आवश्यकता है कि देश में आजादी के बाद जन संघ के कार्यकताओं के साथ कैसा व्यवहार इस देश में होता था बावजूद इसके कार्यकताओं ने विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्र के लिए समर्पित रहकर देश की सेवा की हम सभी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

संगोष्ठी से पूर्व अतिथियों ने डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी,कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने की मौके पर कार्यक्रम संयोजक अनुप प्रसाद सहसंयोजक नवीन सिंह पुष्पा देवी आलोक दुबे दुर्गविजय सिंहदेव संजय ठाकुर तुलसी साहु सुषमा मिश्रा अनूप केशरी संभु भगत अनिरुद्ध सिंह नरेंद्र बड़ाईक सत्यनारायण प्रसाद रवि वर्मा श्रीलाल साहु नीरज बड़ाईक हीरा राम आलोक श्रीवास्तव मौजूद थे।

## न्यू चानवारी कॉलोनी स्थित भोलेनाथ का मंदिर श्रद्धा और निष्ठा का अनुपम स्थल है

संवाददाता

न्यू चांदमारी कॉलोनी में अवस्थित शिव मंदिर भक्त जनों और श्रद्धालुओं का आस्था का केंद्र है,यूं तो प्रतिदिन इस मंदिर में भक्त जनों की भीड़ रहती है,और लोग भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हैं किंतु सोमवार के दिन इस मंदिर परिसर में भीड़ देखते ही बनती है,आसपास क्षेत्र के लोग तथा मोहल्ला वासी भगवान भोले शंकर के इस मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं,और इस दिन भगवान भोलेनाथ की विशेष श्रृंगार भी देखते हीं बनता है,इस



मंदिर के एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित वृहद रूप से पूजा अर्चना एवं अखंड रामायण पाठ भी काफी आकर्षक रहा था,इस अवसर पर चक्रधरपुर के प्रख्यात पूजा अर्चना करने वाले एवं विद्वान गोपाल विश्वास के द्वारा अखंड रामायण पाठ में शामिल होकर विशेष रूप से पूजा अर्चना भी काफी आकर्षक रही थी,श्री विश्वास विशेष पूजा अर्चना के लिए काफी प्रख्यात विद्वान भी है,तथा चक्रधरपुर के प्राचीन टाउन काली मंदिर में दुर्गा पूजा के अवसर भी इनके द्वारा पाठ किया जाना काफी अलौकिक रहता है।

# हत्या के आरोपी को अविलंब गिरफ्तार करने का निर्देश



संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय स्थित राष्ट्रीय उच्च मार्ग 23 पर रविवार की संध्या के समय एक काले रंग का कपड़ा पहने हुए एक व्यक्ति ने सिसई रोड निवासी सह जाजोदिया स्टेर के मालिक विनोद जाजोदिया किसी पास के दुकान से कुछ समान खरीदकर घर आने के लिए जैसे ही रोड़ ( सड़क ) पार करने वाले थे , इसी क्रम में पिछे एक व्यक्ति काला कपड़ा पहने हुए दौड़ता हुआ , उनके पास पहुंचा और तेज धारदार हथियार से उनके सिर में लगातार लगभग सात वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर इतमिनान से चला बना , उक्त घटना को अंजाम देते हुए उक्त व्यक्ति का फोटोज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुका हैं, बाद में उक्त घटनास्थल पर उपस्थित लोगों एवं परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया , जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बिनोद जाजोदिया की स्थिति गंभीर होते देख डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिये रांची रिम्स रेफर कर दिया गया, और उन्हें तत्काल इलाज के लिये रांची रिम्स ले जाया जा रहा था , इसी क्रम में रास्ते में उनकी मौत हो गई, उक्त घटना की सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त घाटनास्थल पर पहुंचकर गहराई से पूछताछ और छानबीन शुरू कर दी हैं, और रविवार के देर संध्या में उक्त शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस के शवगृह में रखवाया गया और आज सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, बताया जाता की रविवार के दिन विनोद जाजोदिया और उनका पूरा परिवार काफी खुश था, जिसका कारण यह था की रविवार के दिन सीए परीक्षा का रिजल्ट जारी हुआ था, जिसमें मृतक विनोद जाजोदिया के पुत्र गोविन्द जाजोदिया ने सीए की परीक्षा पास किया था, फलस्वरूप मृतक विनोद जाजोदिया के पुरे परिवार और परिजनों में खुशी की लहर छाई हुई थी, इसी क्रम में विनोद जाजोदिया की हत्या कर दी गई , फलस्वरूप उसके घर, परिवार और परिजनों में एकाएक माहौल मातम में बदल गया , और संध्या के समय जिला मुख्यालय के चैम्बर, व्यापारियों एवं पास-पड़ोस के लोग मृतक के घर के बाहर जमा होकर , उक्त घटना से संबंधित जानकारी लेने में जुटे हुए थे, पुलिस कप्तान हरीश बिन जामां ने अपने से उक्त हत्याकांड पर संज्ञान लेते हुए सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में गुमला सदर थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए , उक्त हत्याकांड को अंजाम देने वाले सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने का निर्देशन दिया हैं और अविलंब अनुसंधान शुरू करते हुयें, उक्त हत्याकांड को क्यों अंजाम दिया गया, इसकी गहराई से पूछताछ और छानबीन करते हुयें उक्त अपराधी की संभावित ठिकानों पर छापामारी कर जल्द से जल्द उक्त अपराधी को सलाखों के पीछे भेजने का निर्देश दिया हैं।

# सीसीएल प्रबंधन के साथ ग्रामीणों की वार्ता में बनी सहमति

## हादसे में मृत लोगों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये का मिलेगा मुआवजा

संवाददाता

**रामगढ़:** जिले के करमा परियोजना के करमा खुली खदान में अवैध रूप से कोयला खनन करने के दौरान चाल धंसने से 4 ग्रामीणों की मौत हो गई थी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर करमा परियोजना के पीओ कार्यालय के गेट पर शवों के साथ प्रदर्शन कर रहे थे। जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के साथ सीसीएल पदाधिकारी मौके पर पहुंचे थे और ग्रामीणों से वार्ता की थी। लेकिन कई दौर में चली वार्ता विफल रही थी।

सीसीएल प्रबंधन के साथ वार्ता में बनी सहमति

एक बार फिर रविवार की अहले सुबह प्रशासन और पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में सीसीएल प्रबंधन ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। जिसमें सीसीएल प्रबंधन ने सभी मृतकों के परिजनों को एक लाख, 70 हजार रुपये मुआवजा और अंचल प्रशासन के द्वारा 30 हजार रुपये मुआवजा के रूप में देने की सहमति बनी। साथ ही यह भी आश्वासन दिया गया कि सभी घायलों का इलाज सीसीएल प्रबंधन द्वारा कराया जाएगा। इसके अलावा मृतकों के परिजन के एक-एक सदस्य को आउटसोर्सिंग में रोजगार देने की भी सहमति बनी है।इसके बाद ग्रामीणों का प्रदर्शन खत्म हुआ और कार्यालय के गेट के सामने से शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।

चाल धंसने से 4 लोगों की हो गई थी मौत

आपको बता दें कि 4 जून और पांच जून की दरमियानी रात क्षेत्र के ग्रामीण सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना के खुली



खादान के अंदर घुस कर अवैध रूप से कोयला का खनन कर रहे थे। इसी क्रम में अवैध खनन कर रहे ग्रामीणों के ऊपर भारी भरकम चट्टान के साथ मलबा (चाल) गिर गया था। जिसमें चार ग्रामीणों की दर्दनाक मौत हो गई थी और छः ग्रामीण घायल हो गए थे। जिसके बाद ग्रामीण सीसीएल प्रबंधन से मुआवजे की मांग को लेकर तीन शवों को करमा परियोजना के पीओ कार्यालय के गेट पर रख का प्रदर्शन कर रहे थे। 18 घंटे से ग्रामीण अपनी मांगों पर अडिग थे।

मामले की होगी जांच-एसडीओ

पूरे मामले में अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया कि चार लोगों की मौत चाल धंसने के कारण सीसीएल खदान में हो गई थी। ग्रामीण तीन शवों को रखकर प्रदर्शन कर रहे थे। सीसीएल प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई है। घटना सीसीएल लीज होल्ड एरिया में हुई है। पूरे मामले में विस्तृत जांच होगी, तब किसकी लापरवाही है वह सामने आएगी। फिलहाल मुआवजे को लेकर सीसीएल प्रबंधन और पीड़ित परिवारों और ग्रामीणों के बीच सहमति बन गई है।शवों का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को शव को सौंप दिया जाएगा।

कोयला चोरी मामले में होगी एफआईआर

सीसीएल करमा परियोजना की खुली खदान में चाल धंसने की वारदात के बाद सीसीएल प्रबंधन की सुरक्षा की पोल खुल गई है। सीसीएल के अधिकारी पूरे मामले में कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। सीसीएल के माइनिंग मैनेजर ने ऑफ कैमरा कहा कि इस तरह कि वारदात लगातार होते रहती है और इससे सीसीएल का कोई लेना-देना नहीं होता है। जिन लोगों की मौत हुई है उनपर और जो कोयला निकालने के लिए आए थे उनपर एफआईआर दर्ज की जाएगी।